10 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 230

सीएम से मिला मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कामकाज पर आयी सी-वोटर की सर्वे रिपोर्ट

# 2029 में मोदी को फिर प्रधानमंत्री देखना चाहते हैं 59.3 फीसदी लोग

- ऑपरेशन सिंदूर, राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंक के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाई, महंगाई और बेरोजगारी आदि पर लोगों की ली राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार ने 11 साल का सफर पूरा कर लिया है। इस पर सी-वोटर ने एक सर्वे किया है, जिसमें लोगों से राय ली गयी है कि वे मोदी सरकार के कामकाज से कितने खुश हैं। इस सर्वे में लोगों से ऑपरेशन सिंदूर, राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंक के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाई, महंगाई और बेरोजगारी खतत्म करने के लिए उठाये गये कदम जैसे मुद्दों पर भी जनता की राय ली गयी है। इसके अलावा लोगों से यह भी पूछा गया कि क्या वे 2029 में भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते हैं।

सर्वे के नतीजों के मुताबिक, 59.3 फीसदी लोगों ने कहा कि वो 2029 में भी नरेंद्र मोदी को ही प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं, जबकि 27.4 फीसदी लोगों ने सीधे तौर पर मना कर दिया और 10.3 फीसदी लोगों ने कहा कि आगे का उनके कामकाज के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा कि 2029 में उन्हें इस पद पर मौका दिया जाये या नहीं।

**आतंक से लड़ाई में मोदी सरकार का प्रदर्शन कैसा रहा?**

सर्वे के मुताबिक, जब लोगों से सवाल पूछा गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंक से लड़ाई में मोदी सरकार का प्रदर्शन कैसा रहा? तो



53.9 फीसदी लोगों ने इसे शानदार कहा, जबकि 13.4 फीसदी लोगों ने इसे ठीक, 12% ने औसत और 16.5% लोगों ने खराब करार दिया। यानी करीब 67 फीसदी लोगों ने राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंक से लड़ाई में मोदी सरकार के कामकाज पर संतोष जताया है।

**महंगाई कंट्रोल करने पर कैसी रही मोदी सरकार?**

इसी तरह एक अन्य सवाल में जब उनसे पूछा गया कि क्या मोदी सरकार महंगाई पर काबू पाने में सफल रही है? तो इसके जवाब में 26 फीसदी लोगों ने सरकारी प्रयास को बेहद कामयाब बताया, जबकि 23.9 फीसदी लोगों ने कुछ हद तक सफल बताया। 17.6 फीसदी लोगों ने कहा कि कोई बदलाव नहीं आ सका है, जबकि 5.2 फीसदी लोगों ने कहा कि कुछ हद तक सरकारी प्रयास असरदार रहे हैं। 24.8 फीसदी ने महंगाई पर मोदी सरकार के कामकाज को बेअसर करार दिया है।

**बेरोजगारी के मोर्चे पर मोदी सरकार का कैसा रिपोर्ट कार्ड?**

इसी तरह बेरोजगारी को दूर करने के मुद्दे पर भी 26.3 फीसदी लोगों ने कहा है कि सरकारी कोशिशें बेहद प्रभावी रही हैं, जबकि 27.9 फीसदी लोगों ने कहा कि कुछ हद तक ही सरकार की नीतियां प्रभावी रही हैं। 19.9 फीसदी लोगों ने सीधे तौर पर कहा कि बेरोजगारी दूर करने में मोदी सरकार कोई बदलाव नहीं ला सकी। 7 फीसदी ने कुछ हद तक इसे प्रहावी और 15 फीसदी ने मोदी सरकार की बेकोजगारी घटाने की नीति को बेअसर करार दिया है।

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

# लोग गर्व से कहते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है : जेपी नड्डा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर सरकार के कामकाज, फैसलों और नीतियों पर रखी अपनी बात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार एक पारदर्शी और भविष्य की सोच वाली सरकार है। 11 साल में विकसित भारत की नींव मजबूत हुई है। पहले की सरकार भ्रष्टाचार और निराशा के माहौल से भरी थी। 2014 के बाद माहौल पूरी तरह बदल गया। आज लोग गर्व से कहते हैं, 'मोदी है तो मुमकिन है।'

जेपी नड्डा ने कहा कि पिछले 11 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। पिछले 11 सालों में भारत दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में 10वें से 5वें नंबर पर पहुंच गया है। आइएमएफ के नये आंकड़ों के मुताबिक, अब हम चौथे स्थान पर पहुंचने वाले हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना है।



### आतंक को दिया कड़ा जवाब, नक्सलियों पर चलाया हंटर

जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर समस्या का सामने से सामना किया है। जब उरी की घटना घटी तब पीएम मोदी ने कहा था, इसका जवाब दिया जायेगा और इसके बाद सर्जिकल स्ट्राइक हुई। जब पुलवामा की घटना घटी तब पीएम मोदी ने कहा था कि तुमने बहुत बड़ी गलती कर दी है और इसका खामियाजा तुम्हें भुगतना पड़ेगा। इसके बाद बालाकोट एयरस्ट्राइक हुई। इस बार जब पहलगाम की घटना घटी तो पीएम ने कहा था कि तुम्हें कल्पना से भी परे जवाब दिया जायेगा और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकियों के 9 ठिकाने ध्वस्त कर दिये गये। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में नक्सली हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घट कर मात्र 18 रह गयी है। वामपंथी उग्रवाद के शीर्ष नेताओं का सफाया कर दिया गया है।

मोदी सरकार के सोमवार को 11 साल पूरा करने पर भाजपा अध्यक्ष सोमवार को नयी दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेस में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी निशावा साधा। नड्डा ने कहा कि पहले की सरकार भ्रष्टाचार-नगेटिविटी से भरी थी। मोदी सरकार में ये भावना बदल गयी।

**अनुच्छेद 370 हटाना सरकार का साहसी फैसला :** नड्डा ने कहा कि देश ने मान लिया था कि अनुच्छेद 370 हटाना मुमकिन नहीं है, लेकिन मोदी सरकार ने कर दिखाया। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के दौरान 58.46 प्रतिशत वोटिंग हुई, वहीं विधानसभा चुनाव में 63 प्रतिशत वोट पड़े। यह बदलाव मोदी सरकार के साहसी फैसले का नतीजा है।

**विकसित राज्य निर्माण पर दिया जोर :** भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि विकसित भारत के लिए हमें सबसे पहले विकसित राज्य का निर्माण करना होगा। आकांक्षी जिला कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी के विजन का परिणाम है। इसने स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख संकेतकों पर ध्यान केंद्रित करके कुछ सबसे अविकसित जिलों को मुख्यधारा में लाया। भविष्यदर्शी और दूरदर्शी सरकार का सबसे बड़ा उदाहरण विकसित भारत विजन का साकार होना है।

**स्वच्छ भारत, आवास योजना आदि का जिक्र किया :** जेपी नड्डा ने कहा स्वच्छ भारत अभियान, आवास योजना समेत अन्य योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत जैसी पहल सबसे सफल जन आंदोलनों में से एक बन गयी है। सरकार ने चार करोड़ मकान बनाये हैं और आगे तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य रखा गया है।

# भगवान बिरसा को मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की सोमवार को पुण्यतिथि थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगावर ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर रांची के कोकर स्थित समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनके साथ पत्नी विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी समेत अन्य नेता मौजूद थे। वहीं, मुख्यमंत्री ने रांची के बिरसा चौक स्थित पहुंच कर धरती आबा की की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यथिति के अवसर पर बिरसा चौक जाकर वहां स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### बिरसा के बलिदान और समर्पण देश को प्रेरित करते रहेंगे : मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुण्यतिथि के मौके पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर भगवान बिरसा को नमन करते हुए तस्वीर शेयर की। मोदी ने लिखा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगवान बिरसा मुंडा जी को उनके बलिदान दिवस पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। आदिवासी भाई-बहनों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग और समर्पण देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

## न्यूज रील्स

### ठाणे में लोकल से 10 यात्री गिरे चार की मौत

ठाणे। मुंबई के मुंब्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक सोमवार सुबह चलती लोकल ट्रेनों से 10 यात्री नीचे गिर गये। इनमें से चार की मौत हो गयी, जबकि अन्य घायल हो गये। मरने वालों में जीआरपी कांस्टेबल भी शामिल है। ये सभी ट्रेन के गेट पर खड़े थे। घटना सुबह 9:30 बजे मुंब्रा के आगे दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। ऑफिस टाइम होने के कारण ट्रेन में भीड़ ज्यादा थी, जिससे यह हादसा हुआ।

### चुनाव आयोग हरियाणा-महाराष्ट्र चुनाव डेटा कब शेयर करेगा: राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को हरियाणा और महाराष्ट्र में 2009 से 2024 के दौरान हुए चुनावों का डेटा शेयर करने के चुनाव आयोग के फैसले की सराहना की। राहुल ने पूछा कि क्या चुनाव आयोग डिजिटल फॉर्मेट में डेटा सौंपने की तारीख बता सकता है। राहुल ने यह सवाल सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए पूछा।

# हजारीबाग जेल से तीन बांग्लादेशी नागरिक फरार

- तीनों घुसपैठियों की तलाश में जुटी पुलिस

**भवेश मिश्रा**

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग स्थित जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा के ओपन जेल के होल्डिंग कैंप से तीन बांग्लादेशी कैदियों के फरार हो गये है। फरार कैदियों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। सभी को अवैध रूप से भारत में रहने के कारण हिरासत में लिया गया था। तीनों कैदियों को पहले अलग-अलग जेलों में रखा गया था और बाद में उन्हें हजारीबाग के ओपन जेल होल्डिंग कैम्प 'डिटेंशन सेंटर' में शिफ्ट किया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इस घटना के बाद जेल प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गये हैं।

### कौन हुए फरार

1. रीना खान उर्फ फिना देवी (निवासी- गाजीपुर, ढाका, बांग्लादेश)
पहचान चिह्न : नाक के नीचे तिल, दाहिने हाथ पर जख्म का निशान।
2. निपाह अख़्तर खुशी (निवासी : चाटग्राम, बांग्लादेश)
पहचान चिह्न : दाहिनी हथेली और बायीं कोहनी के नीचे तिल।
3. मोहम्मद नजमूल हंग (निवासी: बागेरहाट, बांग्लादेश)
पहचान चिह्न : माथे पर तिल और बायें पैर पर जख्म का निशान।

**तीनों को अलग-अलग जेलों से किया गया था शिफ्ट :** फरार कैदियों में रीना खान उर्फ फिना देवी, निपाह अख्तर खुशी और मोहम्मद नजमूल हंग शामिल हैं। रीना खान जामताड़ा जेल से 4 फरवरी 2022 को हजारीबाग ट्रांसफर की गयी थी। निपाह अख्तर को होटवार जेल, रांची से 28 सितंबर 2024 को लाया गया था। मोहम्मद नजमूल को दुमका जेल से 1 मार्च 2025 को स्थानांतरित किया गया था।

AMANAT ALI INTER COLLEGE
अमानत अली इन्टर कॉलेज
(Affiliated to Jharkhand Academic Council, Ranchi)
Edalhatu, Bundu, Ranchi - 835204, Jharkhand
आवश्यकता
अमानत अली इण्टर कॉलेज, एदेलहातु, बूण्डू, राँची, पिन -835204
विषय-रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर साइंस, भूगर्भशास्त्र, राजनीति शास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र के लिए
अहर्तता-स्नात्तकोतर B.ED ।
उम्मीदवारों के आवेदन आर्मत्रित किए जाते हैं।
Contect:- 9835108162, 8521991786
Gmail - amanataliintercollege.bundu@gmail.com

## इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड : राज कुशवाहा समेत पांच संदिग्ध हिरासत में

# सोनम ने पति राजा की हत्या करायी : मेघालय डीजीपी

- सोनम को अपने साथ ले जायेगी शिलांग पुलिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गाजीपुर/इंदौर/शिलांग।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की शिलांग में हत्या के आरोप में उनकी पत्नी सोनम और पांच संदिग्धों को पकड़ा गया है। सोनम रविवार देर रात 3 बजे यूपी के गाजीपुर के एक ढाबे पहुंची थी। ढाबा संचालक ने पुलिस को सूचना दी। बाकी पांच आरोपियों को मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के साथ अलग-अलग जगह रात भर डाली गयी रेड में पकड़ा गया। एमपी के बीना से आनंद को, इंदौर से राज कुशवाहा, विशाल ठाकुर, आकाश राजपूत और उत्तरप्रदेश के ललितपुर से आकाश लोधी को हिरासत में लिया गया। इस बीच खबर है कि शिलांग पुलिस ने सोनम को कस्टडी में ले लिया है। सोनम के परिवार का कहना है कि उनकी बेटी बेगुनाह है।

बताते चलें कि राजा रघुवंशी



और उनकी पत्नी 23 मई को मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले के सोहरा क्षेत्र से लापता हो गये थे। राजा का शव 2 जून को एक खाई में मिला, जबकि उनकी पत्नी सोनम की तलाश जारी थी। शिलांग पुलिस का दावा है कि सोनम ने यूपी के गाजीपुर के नंदगंज पुलिस स्टेशन में सरेंडर किया। वहीं, गाजीपुर के नंदगंज में काशी ढाबे के मालिक साहिल यादव ने बताया कि सोनम बदहवास हालात में मेरे पास आयी। वह रो रही थी। उसने मुझसे मोबाइल मांगा और कहा मुझे अपनी फैमिली से बात करनी है। फोन पर वह रोने लगी। इसके बाद सोनम के भाई का मेरे मोबाइल पर कॉल आया। उन्होंने मुझे पुलिस को फोन करने के लिए कहा। मेघालय के पर्यटन मंत्री पॉल लिंगदोह ने बताया कि एसआइटी की जांच में सामने आया है कि सोनम ने तीन कांट्रैक्ट किलर्स के साथ वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस का दावा है कि मामले में एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। इसमें सोनम मोबाइल पर बात करती नजर आ रही है। सोनम लगातार राज को लोकेशन भेज रही थी।






# 11 साल में 100 की रफ्तार से दौड़ी मोदी सरकार

## ■ इन 11 साल में कई मुकाम हासिल किये हैं भारत ने

## ■ घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर देश ने अर्जित की बेमिसाल प्रतिष्ठा

## ■ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन साबित की अपनी क्षमता

## ■ अब कोई आंख तो दिखाये नोच लेगा भारत, पाकिस्तान को डेढ़ दिन में परास्त कर मनवाया विश्व में अपना लोहा

**आजाद सिपाही विशेष**

भारतीय परंपरा में '11' की संख्या शुभ मानी जाती है। पारिवारिक और धार्मिक समारोहों में शगुन के रूप में 11 रुपये की भेंट देने की परंपरा इसी वजह से रही है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को शगुन काल भी कह सकते हैं। 11 साल का वक्त कम नहीं होता। इस दौरान पीढ़ी भी बदल जाती है। ऐसे में इस पूरे दौर का जो मूल्यांकन होगा, उसे पीढ़ीगत नजरिये से भी देखना होगा, क्योंकि हर नयी पीढ़ी का नजरिया बुजुर्गों से अलग होता है। इन अर्थों में देखेंगे, तो प्रधानमंत्री मोदी और उनका कार्यकाल अनूठा लगेगा। मोदी और उनकी कार्यशैली पुरानी पीढ़ी को भी पसंद हैं और नयी पीढ़ी के तो प्रेरक हैं ही। इसकी वजह है, उनकी अद्‌भुत संप्रेषण कला, जिसके जरिये वह सीधे लोगों के दिलों से जुड़ जाते हैं। आज मोदी सरकार 3.0 का एक साल पूरा हो गया। इसके साथ ही बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल पूरे कर लिये। इन 11 सालों में प्रधानमंत्री के लुक, स्टाइल, पहनावे और बोलने के तौर-तरीके काफी बदल गये हैं। उनकी रैलियां घट गयी हैं और भाषण लंबे हो गये हैं। अब वह तेजी से बोलने की बजाय ठहरकर बोलने लगे हैं। इन 11 सालों में बतौर प्रधानमंत्री, मोदी ने भारत के लिए कई उपलब्धियां हासिल की हैं। मोटे तौर पर सबसे बड़ा जो बदलाव दिखता है, वह है कि इस पूरी अवधि में देश में कोई बड़ा भ्रष्टाचार नहीं दिखा। ऐसा नहीं कि सरकारी तंत्र से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो गया है। घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय मोर्चे तक और आर्थिक से लेकर शिक्षा और सुरक्षा तक के मोर्चे पर इन 11 सालों में जो काम हुआ, वह भारत की आजादी के बाद के हर दौर से अधिक है। मोदी सरकार के 11 सालों की इन उपलब्धियों को एक साथ देखने पर पता चलता है कि भारत कहां पहुंच गया है। क्या हैं इन 11 सालों की उपलब्धियां, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने 11 साल पूरे कर लिये हैं। इसके साथ ही नेहरू और इंदिरा के कार्यकाल के बाद लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री की सूची में मोदी पहुंच चुके हैं। किसने सोचा था कि 1984 में महज दो लोकसभा सीटों तक सिमटने वाली भारतीय जनता पार्टी कभी लगातार तीन संसदीय चुनावों में बाजी मारती रहेगी। इसमें शक नहीं कि यह उपलब्धि भारतीय जनता पार्टी को मोदी के नेतृत्व से ही हासिल हुई है। अगर जनता ने मोदी पर लगातार भरोसा जताया, तो इसकी वजह है उनकी कार्यशैली। 2014 की जीत में लोगों की उम्मीदें थीं। इन उम्मीदों की वजह विकास का उनका गुजरात मॉडल रहा। लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उन्होंने जो कोशिश की, 2019 में उसे जनता का भरपूर साथ मिला। उनमें भरोसे की वजह ही थी कि उन्हें और ज्यादा भारी बहुमत से रायसीना की पहाड़ियों के बीच शपथ लेने का मौका मिला। इस कड़ी में देखें तो 2024 में बहुमत से दूर रह जाना खटकता है। लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि 10 साल के कार्यकाल में आकांक्षाओं का उद्दाम होना स्वाभाविक है और सारी आकांक्षाओं को पूरा कर पाना भरी संभव नहीं है। इसलिए कुछ लोग हो सकता है निराश भी रहे हों। जिसका असर चुनाव नतीजों पर दिखा।

### भ्रष्टाचार नहीं दिखता

मोदी के कार्यकाल की कई उपलब्धियां हैं। मोटे तौर पर सबसे बड़ा जो बदलाव दिखता है, वह है कि इस पूरी अवधि में देश में कोई बड़ा भ्रष्टाचार नहीं दिखा। ऐसा नहीं कि सरकारी तंत्र से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो गया है। जमीनी स्तर पर सरकारी तंत्र की सोच में पारंपरिक भ्रष्टाचारी गंध है। मोदी सरकार के कार्यकाल में यह हुआ है कि भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसता रहा है। इस शिकंजे से न तो अधिकारी बाहर हैं और न ही राजनेता। तकरीबन पूरे देश में सरकारी तंत्र के कामकाज का अपना तरीका रहा है, उसकी अपनी गति रही है। लेकिन मोदी के नेतृत्व में अब कामकाज का तरीका बदला है। मोदी के 11 साल के शासन में तंत्र का कामकाज का तरीका बदला है। अब वह ज्यादा अनुशासित और लक्ष्यों को वक्त पर पूरा करने को लेकर ज्यादा प्रतिबद्ध हुआ है।

### नौकरशाही में संजीदापन

मोदी के कार्यकाल में नौकरशाही में संजीदापन तो आया है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में नौकरशाही पर तंत्र के दूसरे अंगों की बजाय ज्यादा भरोसा बढ़ने की वजह से तटस्थ लोगों की नजर में नौकरशाही कई मामलों में बेलगाम भी हुई है। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय मोदी सरकार अपनी 11वीं सालगिरह मनाने जा रही है, उसी वक्त विश्व बैंक की एक रिपोर्ट आयी है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान देश में गरीबों की संख्या 27.1 फीसदी से घटकर 5.3 प्रतिशत रह गयी है। इससे पहले बीते एक दशक में अत्यधिक गरीबी में जिंदगी गुजार रहे लोगों की दर 2011-12 में जहां 27.1 प्रतिशत रही, वह घट कर 5.3 फीसद रह गयी है। यह तब हुआ है, जब विश्व बैंक ने गरीबी रेखा के लिए तीन डॉलर प्रतिदिन खर्च की सीमा कर दी है, जबकि इसके पहले यह सीमा 2.15 डॉलर प्रतिदिन थी। जाहिर है कि इसके पीछे 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अन्न योजना के साथ ही उज्ज्वला, मुद्रा आदि योजनाओं की कामयाबी रही है।



### योजनाओं के क्रियान्वयन ने बदली तस्वीर

मोदी सरकार की कई उपलब्धियां हैं। देश ने मेडिकल कॉलेजों के मोर्चे पर बड़ी सफलता हासिल की है। साल 2014 में जहां इन कॉलेजों की संख्या 387 थी, वह 2025 में बढ़कर 780 हो गयी है। इसी तरह एमबीबीएस की सीटें भी 51,348 से बढ़कर 2024 में 1.18 लाख हो गयी हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में 17.1 करोड़ नयी नौकरियां निकलीं। इस दौरान स्टार्टअप से 1.61 लाख युवाओं को रोजगार मिला। सरकार के कौशल विकास मिशन के तहत अब तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण मिल चुका है। उज्ज्वला योजना के तहत अब तक करीब 10 करोड़ 28 लाख से ज्यादा गैस कनेक्शन दिये जा चुके हैं। मुद्रा योजना के तहत करीब 52 करोड़ ऋण खाते खोले गये हैं, यानी करीब इतने लोगों को कर्ज मिल चुका है। इससे उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री आवास, जन-धन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने देश में बदलाव लाने में बड़ी भूमिका निभायी है। देशभर में 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण भी मामूली उपलब्धि नहीं है। मोदी सरकार की इन योजनाओं के चलते देश में बदलाव हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव डीबीटी यानी सीधे कैश ट्रांसफर की योजनाओं ने ग्रामीण और कमजोर वर्गों तक शासन की योजनाओं की पहुंच बढ़ायी है।

### अर्थव्यवस्था से लेकर सांस्कृतिक-आध्यात्मिक उपलब्धि

जापान को पछाड़कर भारत हाल ही में दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसका भी श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। देश सिर्फ आर्थिक ही नहीं, सांस्कृतिक मोर्चे पर लगातार विकास कर रहा है। इस विकास में परंपरा, आधुनिकता और वैश्विक जुड़ाव का अद्भुत समावेश नजर आता है। मोदी सरकार की ही देन है कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन का महाकाल लोक, मां कामाख्या मंदिर, राम मंदिर अयोध्या, केदारनाथ धाम और जूना सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। राम मंदिर के निर्माण की उपलब्धि ही मोदी सरकार के खाते में जाती है। इसी दौरान उत्तराखंड में चारधाम राजमार्ग परियोजना, हेमकुंड साहिब रोपवे और बौद्ध सर्किट विकास जैसी योजनाएं शुरू हुईं। करतारपुर कॉरिडोर के चलते पाकिस्तान स्थित दरबार साहिब भारतीय सिखों के लिए सुलभ हुआ। इसी दौरान राष्ट्र निर्माताओं को सम्मान देने की दिशा में प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, जलियांवाला बाग स्मारक और 11 आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय जैसे संस्थान बनाये गये। मोदी के कार्यकाल में ही देश की खोयी धरोहरों की वापसी का अभियान तेज हुआ। 2013 से पहले विदेशों में चोरी से गयी सिर्फ 13 प्राचीन वस्तुओं की ही वापसी हुई थी, जबकि 2014 के बाद से अब तक 642 प्राचीन वस्तुएं भारत लौटायी गयी हैं, जिनमें से अकेले अमेरिका से 578 कलाकृतियां लौटी हैं। आर्युवेद और योग की वैश्विक मान्यता भरी मोदी सरकार की ही उपलब्धि कही जायेगी।

### लालटेन और मिट्टी का तेल बने इतिहास

एक समय था जब हर घर में कम से कम एक तो लालटेन हुआ ही करती थी। मिट्टी का तेल यानी केरोसिन तेल भी रखा रहता था। कारण बिजली का आना कम और जाना ज्यादा लगा रहता था। देश की राजधानी दिल्ली सहित देश भर में जमकर बिजली कटौती होती थी। कई-कई दिनों तक बिजली गुल रहती थी। देश के कई ग्रामीण इलाकों में तो बिजली के तार तक नहीं पहुंचे थे। ऐसे में नरेंद्र मोदी जब 2014 के लोकसभरा चुनाव में प्रचार के लिए उतरे, तो उन्होंने इसे भी मुद्दा बनाया। उन्होंने 24 घंटे बिजली देने का सपना लोगों को दिखाया। आज भारत के सौ फीसदी इलाकों में बिजली पहुंच चुकी है। बिजली के आने-जाने का खेल भी खत्म हो गया है। यानी लालटेन और मिट्टी का तेल इतिहास बन गया है।

### आतंकवाद के खिलाफ स्टैंड

मोदी सरकार के ही कार्यकाल में आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बनी और उसे लागू किया गया। ऑपरेशन सिंदूर उसका ही प्रतीक है। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का खात्मा, 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसे कदम मोदी सरकार ने ही उठाये। मोदी के शासन काल में भारत ने ग्लोबल साउथ की अवधारणा को मजबूत करते हुए अफ्रीकी देशों से नये सिरे से संबंध बढ़ाये। रूस और यूक्रेन युद्ध और अमेरिकी रोक-टोक के बावजूद भारत रूस से सस्ती दरों पर पेट्रोलियम तेल खरीदने में सफल रहा। उत्तर पूर्वी राज्यों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिशें इसी दौर में तेजी से बढ़ीं। नक्सलवाद पर लगाम भी तेजी से इसी दौर में लगी।

मोदी सरकार की उपलब्धियों की फेहरिस्त लंबी है। लेकिन भारत जैसे बहुभाषी, बहुरंगी देश में अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आर्थिक आय की असमानता में संतुलन आज की बड़ी जरूरत है। भारत को यूरोप की तर्ज पर विकसित करने, प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने की जरूरत अब भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले दिनों में भारत इन उपलब्धियों को भी हासिल करने में सफल रहेगा।

# संकल्प से सिद्धि तक 11 बेमिसाल वर्ष



प्रदीप वर्मा

'पहले कार्यकाल में लोग मुझे समझने की कोशिश कर रहे थे और मैं दिल्ली को समझने की कोशिश कर रहा था। दूसरे कार्यकाल में मैं अतीत के दृष्टिकोण से सोचता था। तीसरे कार्यकाल में मेरी सोच बदल गई है और मेरा मनोबल ऊंचा है। मेरे सपने भी बड़े हो गये हैं।'

26 मई, 2014 को जब नरेंद्रभाई दामोदरदास मोदी ने भारत के 15वें प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली, तो देश एक नये युग में कदम रख रहा था। आज लगातार अपने तीसरे कार्यकाल में 11 साल बाद मोदी सरकार ने जिस तरह से नीतिगत फैसलों, जनकल्याण से संबधित योजनाओं और सकारात्मक वैश्विक कूटनीति के माध्यम से देश को एक नयी पहचान और सही दिशा दी है, वह कई मायनों में अभूतपूर्व कही जा रही है। मोदी सरकार का डंका अब देश के साथ-साथ विदेशों में भी बज रहा है। सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ शुरू हुई यह बेमिसाल यात्रा अब विकसित भारत की ओर तीव्र गति से सतत अग्रसर है। इन 11 वर्षों में मोदी सरकार के दूरगामी निर्णयों से सिर्फ देश की दशा और दिशा बदली, बल्कि भारत को एक आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र के रुप में स्थापित करने में महती भूमिका निभायी है। 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को आसान बनाती मोदी सरकार की योजनाएं आज देश के विकास में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित यह सरकार समावेशी विकास पर जोर दे रही है। इससे देश के लोगों की गुणवत्तापूर्ण जीवन शैली भी सुनिश्चित हुई है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इससे उन्हें बड़े पैमाने पर लाभ मिल रहा है। आज देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा मध्यम वर्ग का है। कहना न होगा कि आर्थिक प्रगति के समेकित प्रयासों और विकासोन्मुखी मॉडल से इस वर्ग का जीवन अब पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा सुगम हो चुका है। भारत के आर्थिक सुधारों की चर्चा अब देश के बाहर विदेशों में भी हो रही है। भारत की स्वतंत्रता के 100वें वर्ष, अर्थात 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत का आह्वान आर्थिक विकास के स्वरूप में संरचनात्मक बदलाव, वित्तीय और सामाजिक समावेशन में सुधार, वैश्विक नजरिये से प्रतिस्पर्धा का उन्मुक्त माहौल, श्रम जनित क्षेत्रों में बाजार का निर्माण एवं ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के परिवेश का समायोजन है। भारत की डिजिटल क्रांति से विश्व आश्चर्यचकित है। ऑनलाइन ट्रांजैक्शन आज लेनदेन की रीढ़ के रुप में तब्दील होते जा रहे हैं। छोटे अमाउंट के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के मामले में मोदी सरकार की खिल्ली उड़ाने वाले आज खुद ही गद्‌गद हैं। पूरे देश में जिस प्रकार छोटे से लेकर बड़े कारोबारी डिजिटल लेनेदेन के माध्यम से अपना कारोबार कर रहे हैं। आम



जनता की परेशानियां घटी हैं। मोदीजी के विरोधी भी जन-धन योजना के माध्यम से देश के 48.93 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोलने के चलते उनके मुरीद हैं। अब देश के गरीबों के माथे पर अस्पतालों में इलाज और उसके महंगे बिल के भुगतान के लिए चिंता की लकीरें नहीं देखी जाती। अब तो 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी इसमें शामिल कर लिया गया है। आयुष्मान भारत योजना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर करती है। देश के ग्रामीण क्षेत्र के 10 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान किये जाने से खास कर इन परिवारों की महिलाओं के स्वास्थ्य में भी सुधार देखा जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के निमित्त बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से समाज में जागरूकता का स्तर बढ़ा है। स्वच्छ भारत अभियान से 12 करोड़ शौचालय ग्रामीण इलाकों में सफाई के मामले में क्रांतिकारी परिवर्तन के वाहक बने हैं। स्वच्छता से संपन्नता के इस अभियान से देश में बाल मृत्यु दर में भी उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिल रही है। जल जीवन मिशन से 11 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पेयजल और गरीबों को 3.45 करोड़ से अधिक पक्का आवास उपलब्ध करवाया जाना भी इस सरकार की खास उपलब्धि है। भारत की अर्थव्यवस्था को चिंतनीय अवस्था से निकाल कर दुनिया की चैथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का श्रेय भी इस सरकार को जाता है। काले धन पर अंकुश लगाने के लिए नोटबंदी जैसे कदम भी उठाये गये। स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिलने से लेकर विदेशी निवेश में लगातार बढ़ोत्तरी और इज ऑफ डूइंग में सुधार ने पिछले कुछ वर्षो के दौरान भारत को विश्व की अग्रणी आर्थिक शक्ति के तौर पर स्थापित किया है। आज भारत में पूरी दुनिया से निवेश हो रहे हैं। रोजगार का सृजन हो रहा है। कोविड के दौर में मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने नहीं दिया। इस दौर में कम समय के अंदर ही टीकों का निर्माण कर भारत ने पूरे विश्व में इसकी आपूर्ति की। मोदी सरकार के राज में विरासत भी विकास भी अब महज एक नारे की शक्ल में नहीं नजर आता, बल्कि इससे देश की संस्कृति, इसके धरोहरों और परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चत हुआ है। पिछले वर्ष अयोध्या में राम मंदिर का उद्‌घाटन देश के लिए गौरव एवं भावुकता का क्षण था। काशी, उज्जैन समेत देश के कई धार्मिक एवं तीर्थस्थलों के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प कर मोदी सरकार ने धार्मिक पर्यटन को नया स्वरूप प्रदान किया है। करतारपुर कॉरिडोर को खुलवाने की पहल और बौद्ध सर्किट के निर्माण के प्रस्ताव से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटकों की आवाजाही सुनिश्चित होगी। चाहे जी-20 के आयोजन में देश की सांस्कृतिक विविधता के दर्शन हों या योग दिवस के आयोजन की पहल-ऐसे आयोजनों ने देश का गौरव ही बढ़ाया है। महाकुंभ के अवसर पर पूरी दुनिया ने इसके वृहत और चुनौतीपूर्ण आयोजन को सराहा है। मुस्लिम समाज में तीन तलाक के मुद्दे के मुद्दे पर कानून बनाकर समाज की महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रयास मोदी सरकार ने किया। इस वर्ष वक्फ संशोधन अधिनियम के माध्यम से वक्फ की संपत्तियों के डिजिटलाइजेशन एवं अन्यान्य प्रक्रियाओं के सुधार की रुपरेखा तैयार की गयी। नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत व्यापक बदलाव किये गये, जिसमें कौशल आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए 7.5 लाख रुपये तक के लोन का प्रावधान किया गया। जम्मू कश्मीर में धारा-370 की समाप्ति मोदी सरकार के कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में अलगाववाद को खत्म करने की पहल करते हुए कई विद्रोही संगठनों से बातचीत कर इस दिशा में प्रभावी कदम उठाये। इस सरकार ने देश में नक्सलवाद पर भी करारा प्रहार किया है, जिसके फलस्वरूप आज देश में नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। भारत ने आतंकवाद और इसके पोषकों के खिलाफ कड़े कदम उठाये हैं। अब दुनिया भी मान रही है कि एक सॉफ्ट स्टेट की अवधारणा को भारत ने कहीं पीछे छोड़ दिया है। चाहे वर्ष 2016 में भारत के पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की बात हो या 2019 में पुलवामा में आतंकी हमले के बाद बालाकोट पर हवाई हमले का निर्णय-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की जनभावना का उचित प्रतिनिधित्व करते हुए आतंकवादियों और उनके आकाओं को भरपूर सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के रुप में प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व और सशस्त्र बलों के पराक्रम को पहलगाम नरसंहार के बाद पूरी दुनिया ने देखा है। मोदीजी की गर्जना 'वहां से गोली चलेगी, तो यहां से गोला चलेगा' मोदी सरकार के आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को परिभाषित करता है।

**(लेखक : राज्यसभा सांसद हैं।)**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.4 °c | 24.8.0 c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.34 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.02 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 जून, 2025
www.azadsipahi.in


### सीएम से मिला मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल

# धार्मिक तीर्थ स्थलों के संरक्षण की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति (संथाल समाज) के 51 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से मरांङ बुरू (पारसनाथ) पीरटांड, गिरिडीह (झारखंड) संथाल आदिवासियों के धार्मिक तीर्थ स्थल को संरक्षित करने एवं प्रबंधन निगरानी, नियंत्रण एवं अनुश्रवण के लिए ग्राम सभा को जिम्मेवारी देने संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मांगों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया है कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर विधिसम्मत यथोचित कार्रवाई करेगी।


## मरांङ बुरू को धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित करने की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को अवगत कराया कि मरांङ बुरू (पारसनाथ पर्वत) पीरटांड, गिरिडीह युगों-युगों से प्राचीन काल से हम संथाल समुदाय मरांङ बुरू को ईश्वर के रूप में पूजा करते आ रहें हैं। छोटानगपुर काश्तकारी अधिनियम 1908, सर्वे भूमि अधिकार अभिलेख, कमीश्नरी कोर्ट, पटना हाइकोर्ट एवं प्रीवी कौंसील कोर्ट से संथाल आदिवासियों को प्रथागत अधिकार प्राप्त है। अतः झारखंड सरकार से मांग है कि मरांङ बुरू को संथालों का धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित किया जाये। झारखंड सरकार से मांग की गयी है कि आदिवासियों के धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए आदिवासी धार्मिक स्थल संरक्षण अधिनियम बनाया जाये। मरांङ बुरू, लुगू बुरू, अतु/ग्राम, जाहेर थान (सरना), मांझी थान, मसना, हड़गड़ी आदि धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए यह अधिनियम आवश्यक है।

### प्रतिनिधिमंडल की मांगें

- **आदिवासी धार्मिक स्थल संरक्षण अधिनियम:** झारखंड सरकार द्वारा आदिवासी धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए विशेष अधिनियम बनाने की मांग।
- **मरांङ बुरू का संरक्षण:** मरांङ बुरू (पारसनाथ पर्वत) को आदिवासियों के धार्मिक तीर्थ स्थल के रूप में संरक्षित करने की मांग।
- **ग्राम सभा की जिम्मेवारी:** मरांङ बुरू के संरक्षण, प्रबंधन, निगरानी नियंत्रण एवं अनुश्रवण की जिम्मेवारी ग्राम सभा को सौंपने की मांग।
- **अतिक्रमण से मुक्ति:** मरांङ बुरू में जैन समुदाय द्वारा वन भूमि पर अवैध ढंग से किये गये निर्माण को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग।
- **राजकीय महोत्सव:** मरांङ बुरू युग जाहेर, वाहा-बोंगा पूजा महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित करने की मांग।

# विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध धरती आबा का संघर्ष हमेशा याद किया जायेगा : भाजपा



भाजपा रांची महानगर ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 125 वें शहादत दिवस पर भाजपा, रांची महानगर जिला के तत्वावधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर कोकर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रांची विधायक सीपी सिंह, जिला अध्यक्ष वरुण साहू, बलराम सिंह, अशोक बड़ाइक, रवि मुंडा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने धरती आबा के पवित्र समाधि पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारत की संस्कृति, धर्म और अस्मिता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले जनजातीय गौरव 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा सदैव देश एवं राज्य के लिए प्रासंगिक रहेंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध उनका संघर्ष युगों-युगों तक मातृभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा और समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि बिरसा मुंडा के पद चिह्नों पर चलकर ही देश और झारखंड आगे बढ़ेगा। पुष्पांजलि कार्यक्रम में राजू सिंह, बसंत दास, अनीता वर्मा, रोशनी खलको, पायल सोनी, सुरेश प्रसाद, रणधीर सिंह, रामलगन राम, सुजीत शर्मा, अनिल अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। उक्त जानकारी महामंत्री, रांची महानगर जितेंद्र वर्मा ने दी।

## 'धरती आबा जनजातीय गौरव योजना' से गांवों तक पहुंच रही विकास की किरण : बाबूलाल



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास हेतु केंद्र सरकार की पहल पर 80,000 करोड़ रुपये की 'धरती आबा जनजातीय गौरव योजना' से गांव-गांव तक विकास की किरण पहुंच रही है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में झारखंड समेत अन्य प्रदेशों में भी आदिवासी भाई-बहन लाभांन्वित हो रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से संपर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।
- **वृष** यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी।
- **मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि, आर्थिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी।
- **कर्क** औपचारिक सम्पर्क और सम्बन्ध बढेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ,शुभसमाचार की प्राप्ति होगी।
- **सिंह** सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देर-सबेर पूरा होगा। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी।
- **कन्या** आर्थिक उन्नति,पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे।
- **तुला** कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता,नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे। पारिवरिक समस्या का समाधान मिलेगा।
- **वृश्चिक** चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपने श्रेष्ठत्व बोध करा पाने में सफल होंगे।
- **धनु** साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **मकर** सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे। छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा।
- **कुंभ** आरोग्यसुख,दिमागी तनाव दूर होंगे, अनेक महत्वपूर्ण काम जो काफी दिनों से लम्बित था, वह पूरा होगा।
- **मीन** सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ। समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in



आजाद सिपाही

रांची, मंगलवार, 10 जून, 2025

www.azadsipahi.in

04


## अनाज वितरण को लेकर बीडीओ ने की बैठक

मरकच्चो(आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार मरकच्चो में आदेशानुसार आच्छादित लाभुकों को माह जून 2025 में माह जून 2025 के अतिरिक्त माह जुलाई और अगस्त 2025 (दो माह) का अतिरिक्त अनाज आपूर्ति अग्रिम करने हेतु प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली डीलरो के साथ आज बैठक की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि राशन जून, जुलाई 2025 का वितरण दिनांक 01 जून से 15 तक 100 प्रतिशत करना है। ग्रीन चावल अगस्त 2024 का वितरण दिनांक 1 जून से 15 तक वितरण किया जायेगा। 16 जून 2025 से 30 जून 2025 तक वितरण अगस्त 2025 का और ग्रीन चावल जून 2025 का वितरण करने का निर्देश दिये। सभी को ईमानदारी पूर्वक शत प्रतिशत वितरण करने को कहा गया। बैठक में प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सह एमओ लक्ष्मीकांत लोहरा, प्रखंड के डीलर और प्रखंड कर्मी मौजूद रहे।

# बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में सोमवार को ऑल डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन हजारीबाग जिला कमेटी द्वारा स्थानीय बस स्टैंड में, बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर, बिरसा मुंडा चौक पर उलगुलान के नायक बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित की गयी। माल्यार्पण के बाद जिला अध्यक्ष जीवन कुमार ने कहा कि महज 25वर्ष की अल्पायु में शहादत पाने वाला एक युवा अकेले अपने विचारधारा की शक्ति से पूरी अंग्रेजी साम्राज्य से लड़ गया था। बिरसा मुंडा का योगदान भारतीय इतिहास में अमूल्य है। जिला सचिव मंडली सदस्य रविंद्र पासवान से कहा कि बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड अधूरा है। झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में सुधार न होकर लगातार इसका ह्रास हो रहा है। युवाओं में धार्मिक उन्माद कट्टरता भरा जा रहा है, झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को प्रयोग करने का अड्डा बना दिया गया है। जिसका दुष्प्रभाव यहां के छात्रों और अभिभावकों को झेलना पड़ रहा है। अब तक सरकारों ने केवल झारखंड के संसाधनों का दोहन किया। झारखंड के युवा आज बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। बिरसा मुंडा ने संघर्ष का राह लोगो को दिखाया, उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाते हुए एक सही समाज बनाने का सभी को आज संकल्प लेना चाहिए और दूसरे को भी सही समाज बनाने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है।आदिवासी रीति रिवाज परंपरा प्रकृति को संरक्षण देती है। उनकी संस्कृति को रक्षा के लिए सरकार को जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। आज के कार्यक्रम में जीवन यादव, रविंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, नवीन कुमार, मो बरकत, राजेश कुमार, गौतम कुमार उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के नायक थे: कृष्णदेव

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125 शहादत दिवस उनके चित्र पर पुष्प अर्पित और माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजली दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19 वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसिडेंट मे हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गये। केवल 25 वर्ष की उम्र में अपने देश की रक्षा के लिए शहीद होने वाले बिरसा मुंडा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के लिए जनजातीय विद्रोह और क्रांति के प्रतीक के रूप में याद किए जाएंगे और शायद यही कारण है कि



लोग उनहे भगवान बिरसा मुंडा कर संबोधित करते हैं । मौके पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी अजय गुप्ता, आबिद अंसारी, कृष्णा कुमार यादव, जावेद इकबाल सेवादल अध्यक्ष गुड्डू सिंह सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह, मिथिलेश दुबे, रोहन ठाकुर, धीरेन्द्र कुमार दुबे, अनिल कुमार भुईंया, सैयद अशरफ अली, लाल बिहारी सिंह, सलीम रजा, बाबर अंसारी, दिलीप कुमार रवि, अजीत कुमार गुप्ता, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे ।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 को स्कूलों में चलेगा जागरूकता अभियान

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को कोडरमा जिले के सभी सरकारी स्कूलों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से प्रत्येक प्रखंड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर जिले के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं करायी जायेगी। साथ ही स्कूल और कार्यालयों में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया जा सके। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस की थीम है— खून दो, जीवन जीने की आशा दो और लोगों के जीवन को बचाओ। इस संदेश के साथ शिविर में रक्तदान करने वालों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जायेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की जा रही है ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और इस पुनीत कार्य में भाग लें। यह दिवस उन सभी नि:स्वार्थ रक्तदाताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है, जो अपने रक्त से अनगिनत जिंदगियों को नया जीवन देने का काम करते हैं।

## कार्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम



सतगावां (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को आउटसोर्सिंग कार्मचारियों ने चार सूत्री मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर काम किया। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बताया कि झारखंड के पूरे राज्य में 9, 10 और 11 जून को सभी कार्यरत कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। वहीं 11 जून जिला मुख्यालय में मांगों को लेकर संध्या कैंडल मार्च करेंगे। साथ ही साथ 12 जून को अपने-अपने जिले के समाहरणालय में धरना प्रदर्शन करेंगे। कोई 15 जून को सभी आउटसोर्सिंग के कर्मचारी मोराबादी मैदान में एक दिवसीय महाधरना प्रदर्शन करेंगे। मांगों में वित्त विभाग झारखंड सरकार के संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों निर्धारित मानदेय भुगतान के आधार पर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को काम के बदले सम्मान वेतन पारित किया जाये। बिहार सरकार के गाइडलाइन के अनुसार आउटसोर्सिंग कर्मचारी को 60 साल तक की जाए। वहीं मध्य प्रदेश के द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को संविदा के आधार पर लिया जाये। झारखंड राज्य के सभी कार्यरत कर्मचारियों को अनुरूप संयोजित की जाये। इन मांगों को लेकर सभी ने सरकार से मांग करते हुए काला बिल्ला लगाकर काम की और विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। मौके पर राजकिशोर प्रसाद, विनय कुमार, दिनेश कुमार, रवींद्र पांडेय, विक्की पांडेय, मिथलेश पांडेय, रोहित कुमार, पूजा कुमारी, अंकिता कुमारी, राजमुखी कुमारी, अनुज कुमार, रंजीत कुमार, अजीत कुमार आउटसोर्सिंग कर्मचारी महिला और पुरुष शामिल थे।

## भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उपायुक्त ने दी श्रद्धांजलि



कोडरमा (आजाद सिपाही)। भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को नगर पंचायत कोडरमा परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर उपायुक्त ऋतुराज ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिले के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुणेर्दु, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी तथा जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे। उपायुक्त ऋतुराज ने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा, भगवान बिरसा मुंडा का मातृभूमि के प्रति प्रेम, समर्पण और बलिदान सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके साहस, संघर्ष और अडिग संकल्प के कारण ही आज हम स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं। उनकी पुण्यतिथि पर हम यह संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्शों और बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करेंगे।

## सभी अंचलों में दाखिल-खारिज कैंप का होगा आयोजन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन द्वारा आम जनता को राजस्व से संबंधित सेवाएं समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराने हेतु सभी अंचलों में दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने निर्देशित किया कि 30 दिनों से अधिक समय से लंबित आपत्ति-रहित दाखिल-खारिज मामलों में संबंधित अंचल अधिकारी दोनों पक्षों की विधिवत सुनवाई कर, दस्तावेजों का सत्यापन कर नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने यह भी कहा कि कैंप प्रारंभ होने से पूर्व ऐसे सभी निष्पादित मामलों की पहचान की जाये, जिनमें रैयतों को अब तक शुद्धिपत्र निर्गत नहीं किया गया है। ऐसे सभी रैयतों को कैंप के दौरान शुद्धिपत्र निर्गत किया जायेगा। कैंप में उपस्थित रैयतों को लगान रसीद निर्गत करने हेतु विशेष व्यवस्था की जायेगी। इसके लिए संबंधित अंचलों में कंप्यूटर सेट और प्रशिक्षित ऑपरेटर की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही पास के प्रज्ञा केंद्रों से ऑपरेटरों की प्रतिनियुक्ति भी की जायेगी। कैंप की व्यापक जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार के विशेष निर्देश भी दिये गये हैं। सभी पंचायत भवन, अंचल कार्यालय, तहसील कचहरी सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर कैंप की तिथि सहित बैनर लगाये जायेंगे। उपायुक्त ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि कैंप के दौरान अंचल अधिकारी स्वयं उपस्थित रहेंगे और अंचल निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर और कार्यालय सहायक की उपस्थिति भी अनिवार्य होगी। बैठक में अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुणेर्दु, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी और जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## हजारीबाग में टेक्नीशियन के भरोसे चल रहा है अल्ट्रासाउंड सेंटर



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर में कई ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर है जहां डॉक्टर नदारत रहते हैं। डॉक्टरों की जगह टेक्नीशियन ही अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन कर रहे हैं। ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर में जाकर जब डॉक्टर से मिलने की बात कही तो वहां के कर्मियों ने बताया कि डॉक्टर यहां नहीं रहते हैं। ऐसे में टेक्नीशियन के भरोसे अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाना मरीज के जिंदगी के साथ खेल करना जैसा है। कई ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर भी है जहां डॉक्टर के पूछे जाने पर उसके कर्मी पत्रकार पर ही भड़क गये और आइडी कार्ड की मांग करने लगे। उन लोगों को जब कहा गया कि डॉक्टर से भेंट कराओ तो वहां के कर्मियों ने कहा कि डॉक्टर साहब बिजी हैं नहीं मिल पायेंगे। लेकिन जब वहीं से डॉक्टर के नंबर पर फोन किया गया तो उन्होंने कहा कि वह बाहर है अभी नहीं मिल पाएंगे। जब डॉक्टर ने ही कह दिया कि वह बाहर हैं और अल्ट्रासाउंड सेंटर में अल्ट्रासाउंड हो रहा है तो किसके भरोसे चल रहा है यह आप खुद समझ लीजिए। कई ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर भी है जहां के डॉक्टरों की पोस्टिंग दूसरे जिलों में है। अगर उनकी पोस्टिंग दूसरे जिलों में है तो वह हजारीबाग में अल्ट्रासाउंड सेंटर कैसे चला रहे हैं।

# त्रिवेणी सैनिक इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्युरिटी अकादमी का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना के लिए 09 जून, 2025 का दिन बेहद ऐतिहासिक रहा। इस दिन चमगढ़ा में नवनिर्मित त्रिवेणी सैनिक इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्युरिटी अकादमी का उद्घाटन पूरे उत्साह के साथ किया गया। ट्रेनिंग अकादमी ग्राउंड में आयोजित उद्घाटन समारोह एक महत्वपूर्ण अवसर था। इस कार्यक्रम में टीएसएमपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर हिम्मत सिंह बेदला और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बी. कार्तिकेयन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट तारकेश्वर शाही और सीईओ कोल माइनिंग संजय कुमार खटोड़ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। हिम्मत सिंह बेदला और कार्तिकेयन ने परेड की सलामी



ली। इस मौके पर अपने संबोधन में मैनेजिंग डायरेक्टर हिम्मत सिंह बेदला ने इतने कम समय में अकादमी को तैयार करने के लिए मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार नीरज की सराहना की। इस मौके पर मैं मुख्य सुरक्षा अधिकारी नीरज को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामना देता हूं। श्री कार्तिकेयन ने अपने संबोधन में सभी जवानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतने कम समय में इस तरह का उत्कृष्ट आयोजन करना बेहद सराहनीय है। यह मेरे लिए काफी खुशी का दिन है। मैं सुरक्षा अधिकारी नीरज को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मेरे सपने को साकार किया है। उन्होंने सभी का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। सीइओ कोल माइनिंग संजय कुमार खटोड़ ने अपने संबोधन में कहा कि टीएसएमपीएल में नया इतिहास लिखा जा रहा है। हमारे आदरणीय कार्तिकेयन सर और हिम्मत सर ने जो सपना देखा था, वह आज पूरा होता हुआ नजर आ रहा है। खटोड़ ने सभी विभागों को धन्यवाद दिया। समारोह के दौरान, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पहले, दूसरे और तीसरे स्थान प्राप्त जवानों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री कार्तिकेयन ने विशेष रूप से मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार नीरज और सुरक्षा अधिकारी नवीन सिंह के प्रयासों और उनके कुशल नेतृत्व की सराहना की। एक विशेष बात यह थी कि ट्रेनिंग अकादमी में नवनिर्मित सभी क्लासरूम, ट्रेनिंग रूम और कॉन्फ्रेंस रूम का नाम परियोजना प्रभावित गांव के नाम पर रखा गया है। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री कार्तिकेयन ने सभी जवानों और अधिकारियों से कंपनी के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद जतायी। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक उत्कृष्ट ट्रेनिंग सेंटर बनाने की कोशिश जारी रहेगी और इसके लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी सैनिक हमेशा परियोजना प्रभावित युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम करती रही है और आगे भी करेगी। उन्होंने मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार नीरज के बेहतरीन कार्य के लिए उन्हें विशेष रूप से धन्यवाद दिया और सभी जवानों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में धरती आबा बिरसा मुंडा की मनायी गयी पुण्यतिथि



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मेमोरियल स्कूल में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस दौरान विद्यालय के निर्देशक संदीप कुशवाहा ने कहा की जल, जंगल और जमीन के रक्षक, उलगुलान विद्रोह के नायक, सिंग-मूंगा आराधना के उपदेशक अमर शहीद धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि और शत-शत नमन करता हूं। जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम, आदिवासी समाज की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक है। उलगुलान आंदोलन के माध्यम से अन्याय, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध जो अलख उन्होंने जगायी थी, वह आज भी जनजातीय समाज और सम्पूर्ण भारतवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मौके पर उप निर्देशक पिंटू कुशवाहा, प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार, उप प्राचार्या पूनम कुमारी, विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, महेंद्र कुमार, मुकेश दास, आनंद राज, ऋषभ अग्रवाल, सुमित कुमार, राजेश कुमार रवि, सचिन कुमार, अनु कुमारी, देवंती कुमारी, स्नेहा कुमारी, सुमन कुमारी, अंजनी कुमारी, विकास ठाकुर, सुभाष कुमार, अफसाना परवीन, गंगा भारती, गायत्री टुडू, कुलदीप कुमार रंजन, दुर्गा देवी, अंजू देवी सहित अन्य शिक्षकों विद्यार्थियों ने नमन किया।

# झुमरीतिलैया में युवती का मिला शव परिजनों ने प्रेमी पर लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत चित्रगुप्त नगर में सोमवार सुबह एक युवती का शव मिला। मृतका की पहचान तलाकशुदा आयुषी चावला (26) के रूप में हुई। वह जयनगर थाना क्षेत्र के परसाबाद की रहने वाली थी। उसका शव जिस घर से मिला है, वह उसके कथित ब्वॉयफ्रेंड हर्ष सोनकर का है। वह झुमरीतिलैया का फल व्यापारी है। वहीं, युवती की मां का कहना है कि उसके ब्वॉयफ्रेंड ने ही उसकी हत्या की है। बताया गया कि तलाक होने के बाद आयुषी बीते 2 साल से अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ ही लिव इन रिलेशन में रह रही थी। वहीं उसके



ब्वॉयफ्रेंड हर्ष ने बताया कि वह रात को आयुषी के साथ था। सुबह छह बजे वह अपनी फल की दुकान चला गया। कुछ देर बाद आयुषी का फोन आया कि वह फांसी लगा रही है। हर्ष तुरंत उसके कमरे की ओर भागा। जब वह कमरे में पहुंचा तो देखा कि आयुषी पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक रही थी। जब तक वह उसे नीचे उतारता, आयुषी की मौत हो चुकी थी। हर्ष ने इसकी सूचना आयुषी के परिजनों और तिलैया पुलिस को दी।

### 2018 में हुई थी आयुषी की शादी

आयुषी की शादी 2018 में झुमरीतिलैया में हुई थी। पांच साल बाद उसका तलाक हो गया। इसके बाद वह झुमरीतिलैया के फल व्यापारी हर्ष सोनकर के साथ रहने लगी। इधर घटना की सूचना मिलने पर तिलैया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि आयुषी के तलाक हो जाने के बाद वह झुमरीतिलैया के अड्डी बांग्ला रोड स्थित वृद्धाश्रम में बतौर कोऑर्डिनेटर काम करने लगी थी। इसके बाद से वह काफी खुश रहने लगी। उसका एक छह साल का बेटा है, जो परसाबाद में रहता था। परिजनों के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से जब हमने उससे दूसरी शादी करने की बात की तो वह तैयार हो गयी। इसके बाद हमने उसके लिए लड़के तलाशने शुरू कर दिये थे। सोमवार सुबह अचानक हर्ष नाम के एक लड़के का मेरे मोबाइल पर फोन आया कि आयुषी ने फांसी लगा ली है। इधर, पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है कि यह हत्या या फिर आत्महत्या का मामला है।

## विष्णुगढ़ में नगदी समेत जेवरात ले उड़े चोर




विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। यहां के बेड़ाहरियारा के रमुआ में चोरो ने शनिवार की रात महावीर रजक पिता लक्ष्मण राम के घर से चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया गया है। चोरों ने तकरीबन एक लाख के जेवरात समेत नगदी एक लाख रुपये भी ले भागें। चोरों ने इतनी चालाकी से हाथ साफ किया कि घर पर सोये लोगों को कुछ भी भनक तक नहीं लगी। भुक्तभोगी महावीर रजक ने बताया कि शनिवार रात्रि तकरीबन ग्यारह बजे सपरिवार खाना-पीना खाकर सभी कमरे में सोने चले गये, रविवार सुबह पांच बजे सोकर उठे तो देखा कि मेरे घर में रखा बक्सा घर के बाहर फेंका हुआ है, और बक्सा की कड़ी उखड़ा हुआ है। इसके पश्चात घर के अंदर देखने पर पता चला कि घर के अलमीरा खुला हुआ है, और जेवर का खाली डब्बा और समान भी बिखरा पड़ा है, एक लाख रुपये नकदी सहित रखा सोने के जेवरात में तीन जोड़ा कान की बाली, चांदी का जेवरात पहुंची, सिकडी, दो जोड़ा पायल सभी गायब है, अलमीरा में रखा मिट्टी का बड़ा चुकनी भी गायब है, देखने के बाद पता चला कि अज्ञात चोरों द्वारा मेरे छत की सीढ़ी से घर में घुसकर चोरी की घटना का अंजाम दिया गया है। भुक्तभोगी महावीर रजक ने मायूस होते हुए बताया कि अपनी बेटी की शादी के लिए रुपये और जेवरात रखे हुए थे। जिसकी चोरी कर ली गयी है। वहीं आनन-फानन में इसकी सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी पर विष्णुगढ पुलिस तत्काल पीड़ित के घर पहुंची। पुलिस ने अग्रेतर कार्रवाई करते हुए अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी है। इस तरह के चोरी की घटना में लगातार इजाफा हो रही है, प्रखंड में चोरों का अपराध के ग्राफ में लगातार वृद्धि ही हो रही है। गत रविवार को साप्ताहिक हाट से गिरिडीह जिले के सरिया निवासी महेंद्र मिस्त्री का ग्लैमर बाइक चोरी हो गयी वह नित्य प्रति दिन विष्णुगढ़ फर्नीचर दुकान में काम करने आता है बाइक खड़ी कर बाजार सब्जी खरीदने गया वापिस लौटने पर देखा कि बाइक गायब हैं काफी खोजबीन करने पर नही मिला महेंद्र मिस्त्री ने भी विष्णुगढ़ पुलिस को चोरी की घटना के बाबत लिखित शिकायत दर्ज कराया है। अब देखना है कि पुलिस अपराध की परतें कब तक खोलेगी।

## आंगो में मंडा पूजा धूमधाम से संपन्न

# हमारी झारखंडी संस्कृती की पहचान है मंडा पूजा: रौशनलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के ग्राम आंगो में मंडा पूजा बनस मेला का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। जिसका उद्घाटन विधिवत बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने फिता काटकर किया। मौके पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मेले का आनंद ले। मंडा मेला हमारे झारखंडी संस्कृत की पहचान है साथ ही साथ मेले के आयोजन होने से गांव के लोगों को एक दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान होता है। रविवार देर शाम से ही मेला शुरू हो गया था और रात्रि के






12:00 से सभी शिव भक्ति और उनके परिवार वालों ने लगता अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति और आस्था का परिचय दिया। तत्पश्चात सुबह सोमवार को 5:00 से 10:00 तक पीठ में किल छिदवाकर 51 फीट ऊंचे लट्ठे पर झूले और प्रसाद स्वरूप फूल श्रद्धालुओं के ऊपर बरसाये। मान्यता है कि फूल को घर में रखने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। मेले में दुकान और बच्चों के लिए छोटे बड़े झूले लगे हुए थे। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव कौलेश्वर गंझू, आंगो पंचायत के मुखिया निलम मिंज, आजसू केंद्रीय सदस्य नागेश्वर तुरी, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष लालो महतो, सचिव शिबू महतो, कोषाध्यक्ष मनिलाल मुंडा, संयोजक भिखु महतो, केदार महतो, राजेश महतो, विशुनदयाल महतो, शिबू महतो, जुगेशवर गंझू, सुखदेव गंझू, रमन गंझू, जगेश्वर गंझू, प्रदीप महतो, वीरेंद्र कु महतो, महादेव महतो, संचालक फुलेश्वर महतो, सोनू मुंडा, हीरामन महतो, नारायण महतो, जितेन्द्र कुमार, सोहन महतो, बरजू महतो, कौलेशवर महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 जून, 2025
www.azadsipahi.in
05

## चैनगड्डा प्रखंड बनने की सभी अहर्ता करता है पूरी, जल्द बने प्रखंड: गिरी शंकर महतो



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था बुद्धिजीवी मंच की अगुआई पर चैनगड्डा को प्रखंड बनाने की मुहिम तेज होती जा रही है। आगामी बारह जून को चैनगड्डा में आयोजित आम सभा को लेकर बुद्धिजीवी मंच के कार्यक्रम प्रभारी गिरीशंकर महतो ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि रामगढ़ जिले में नए प्रखंड के रूप में चैनगड्डा प्रखंड बनने की सभी अहर्ता पूरी करता है। श्री महतो ने बताया कि पूर्व में अर्जुन मुंडा के मुख्यमंत्री रहते चैनगड्डा को प्रखंड बनाने की घोषणा की गयी थी, लेकिन उनकी सरकार अल्पमत के कारण गिर गयी थी, तदोपरांत तत्कालीन राज्यपाल ने अल्पमत की सरकार द्वारा लिए गये निर्णय को खारिज कर दिया था। श्री महतो ने स्थानीय लोगों की परेशानियों का हवाला देते हुए कहा कि वर्तमान समय में बरकाकाना ओपी अंतर्गत की दर्जनों गांव से पतरातू प्रखंड की दूरी ज्यादा होने और गाड़ियों का आवागमन की कमी के कारण ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती है। साथ ही पतरातू प्रखंड में ज्यादा गांव के जुड़ने से कर्मचारियों के ऊपर काम करने का दबाव ज्यादा होता है, जिसके कारण कोई भी कार्य संपन्न होने में ज्यादा समय लगता है। श्री महतो ने आम लोगो से आह्वान किया है कि ज्यादा से ज्यादा लोग आगामी बारह जून को चैनगड्डा पहुंच कर अपनी जायज मांगों को मजबूती प्रदान करें। बताते चलें कि चैनगड्डा को प्रखंड बनाने को लेकर बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बरकाकाना ओपी क्षेत्र के दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चला कर लोगो के बीच जागरूकता फैला रहे हैं। बुद्धिजीवी मंच के सचिव डॉ शहनवाज खान और मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली उर्फ पंचम ने बताया कि आगामी आमसभा के दौरान चैनगड्डा में हजारों लोगों का जुटान कर एकजुटता का परिचय देते हुए झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक आवाज बुलंद करना है, जिससे जल्द से जल्द हमारी जायज मांग पूरी हो सके।

## सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य केंद्र पतरातू का किया निरीक्षण

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण सोमवार को जिले के सिविल सर्जन महालक्ष्मी प्रसाद ने की। सिविल सर्जन के साथ डॉ तूलिका रानी, डीपीएम विजय कुमार, संदीप कुमार गुप्ता, रणजीत कुमार, अवधेश कुमार आदि अधिकारी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन के द्वारा लेबर रूम, वार्ड, ओपीडी कक्ष, दवाखाना सहित सीएचसी में साप्ताहिक लगने वाले टीकाकरण शिविर का भी निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त सिविल सर्जन के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। साथ ही सीएचसी की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की बात कही। मौके पर डॉ मनोज गुप्ता, डॉ पल्लवी झा, मनीष कुमार, अमरनाथ राम, जितेंद्र कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## महिला सूचना पेनियोर्स को मिला डिजिटल उपकरण



**गोला (आजाद सिपाही)।** डिजिटल एंपावरमेंट फाउंडेशन और डेनस्टू प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को डीवीसी चौक स्थित सूचना पेनियोर सेंटर में डिजिटल उपकरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी मुख्य रूप से मौजूद थी। इस दौरान महिला सूचना पेनियोर सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत चयनित आशा कुमारी, रेणुका देवी, शोभा कुमारी, काजल कुमारी और तिलकी कुमारी को लैपटॉप, कलर एंड ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंटर, लेमिनेशन मशीन, मोरफो डिवाइस दिया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगी। जिला समन्वयक सुरेश राम ने बताया कि इन सूचना पेनियोर्स का लक्ष्य अपने-अपने ग्रामीण क्षेत्रों में 1200 युवाओं और महिलाओं को उनके व्हाट्सएप के माध्यम से डिजिटल और वित्तीय साक्षर करना है। साइबर क्राइम के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जायेगा। इसके अलावे स्थानीय लोगों को डिजिटल सेवाएं, वित्तीय सेवाएं और ऑनलाइन सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान कर उन्हें लाभान्वित करने में सहयोग करेंगी। यह कार्यक्रम महिलाओं के भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करेगा। मौके पर सुमन सबिता, सविता कुमारी, बीरेंद्र प्रसाद बेदिया, सुषमा कुमारी, पूनम कुमारी, रेणुका देवी, सुमन कुमारी, रिया कुमारी, रोशन कुमार, तिलेश्वर घटवार, दुर्गा कुमारी, पूनम कुमारी सहित कई शामिल थे।

## उपायुक्त ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भारत निर्वाचन के तय मानकों के आधार पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा कीर्तिश्री ने त्रैमासिक ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के पैमाने, सीसीटीवी कैमरा, जवानों की तैनाती समेत अन्य का क्रमवार जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उनके साथ मौजूद रहे। उपायुक्त ने वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात जवानों को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा में कोई भी कोताही ना हो। वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों के संबंध में जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरों का बैकअप रखने और समय-समय पर रिकॉर्डिंग चेक करने का भी निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## लू लगने से युवक की मौत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उरैली पंचायत के डुमरिया गांव निवासी केदार पासवान का 25 वर्षीय पुत्र रवि कुमार की मौत सोमवार की अहले सुबह इलाज के दौरान गया मगध मेडिकल कॉलेज में हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक की तबियत रविवार की सुबह अचानक बिगड़ गया। पेट में दर्द और दस्त की शिकायत होने पर युवक को एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। रविवार की देर रात ज्यादा तबीयत बिगड़ गयी। इसके बाद उसे गया मगध मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी के अलावा एक डेढ साल का पुत्र है। इस घटना से मृतक का पूरा परिवार सदमे में डूबा हुआ है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार युवक लू की चपेट में आ गया था।

## घर के पास खड़ी बाइक की चोरी

**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** अज्ञात चोरों ने कुंदा थाना से लगभग 300 मीटर की दूरी पर खड़ी बाइक की चोरी का घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार लोटवा गांव निवासी नकुलदेव यादव ने काला रंग का स्प्लेंडर प्लस बाइक कुंदा स्थित अपने घर के समीप खड़ा किया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने बाइक की चोरी कर लिया। भुक्तभोगी नकुलदेव यादव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना में आवेदन देकर चोरों को गिरफ्तार करने और बाइक बरामद करने की गुहार लगायी है।

### झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पहुंचे रामगढ़, कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# कार्यकर्ताओं को जुटाने में झारखंड में मॉडल प्रस्तुत करेगा रामगढ़: के राजू

**बाबा साहब को जो सम्मान कांग्रेस ने दिया वह बीजेपी कभी नहीं दे सकती**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू सोमवार को जब रामगढ़ पहुंचे तो उन्होंने पार्टी को मजबूती देने के लिए कार्यकर्ताओं से बात की। जिले के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से बात कर उन्होंने अपना एक ठोस एजेंडा स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा है कि रामगढ़ जिले के कार्यकर्ता न सिर्फ सक्रिय हैं, बल्कि वह पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित हैं। आज पूरे झारखंड में रामगढ़ जिला एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत होने जा रहा है। प्रखंड, मंडल और जिला स्तर पर हर महीने बैठक होगी ताकि इसकी समीक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को और मजबूत होगी ताकि आगे आने वाले चुनाव में इसका लाभ मिल सके।

**कांग्रेस के हर मुद्दे पर भाजपा को है आपत्ति :** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू रामगढ़ पहुंचे तो उन्होंने भाजपा पर सीधी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हर मुद्दे पर भाजपा को आपत्ति रहती है। आज जब 11 वर्ष केंद्र सरकार के पूरे हो गये हैं तब भी बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के मुद्दे को उठाया जा रहा है। जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस ने जितना सम्मान बाबा साहब को दिया है, उतना किसी ने नहीं दिया। लेकिन इस बार भाजपा उन पर बुनियादी तौर पर बाबासाहेब को अपमानित करने का आरोप लगा रही है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर, रामगढ़ जिला प्रभारी प्रदीप तुलसियान, जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवा, रामगढ़ विधायक ममता देवी, बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, मांडू के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, शांतनु मिश्रा, रियाज अहमद, बलजीत सिंह बेदी, सीपी संतन, दिनेश मुंडा, मुकेश यादव, शहजाद खान, बलराम शाह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आदिवासियों को धर्म बताने से भाजपा ने झाड़ा पल्ला

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने भाजपा पर कड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश गवर्नमेंट के समय से ही हर 10 साल पर जातिगत जनगणना होती रही है। उसमें हर व्यक्ति को अपना धर्म बताने का अधिकार रहा है। आजादी के बाद भी कांग्रेस ने इस प्रक्रिया को बरकरार रखा। इस बार जब भाजपा ने जातिगत जनगणना की बात की तो उन्होंने कई जातियों से उसका धर्म बताने का अधिकार छीन लिया। इसलिए कांग्रेस ने इसे अपना मुद्दा बनाया है।

## सहकारी समिति में संसाधन का हो विकास, कंप्यूटर से करें काम: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने सोमवार को सिदो-कान्हू कृषि और वन भोज जिला सहकारी संघ लिमिटेड की बैठक की। इस दौरान उन्होंने सहकारी समिति में मानव संसाधन का विकास करने का निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालयों को कंप्यूटर कृत करने की भी बात कही। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सरकार द्वारा आवंटित राशि का संघ से पारित किए जाने, कार्यशील पूंजी, हिस्सा पूंजी, कृषि और वनोपज से संबंधित उत्पाद की इकाई अधिष्ठापन समेत कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में सहकारी समितियों, क्षेत्रीय कार्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और कंप्यूटरीकरण के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त ने धान, गेहूं, सब्जी, फल फूल, मडुआ, इमली, चिरौता, मशरूम से संबंधित उत्पाद के लिए प्रोसेसिंग यूनिट अधिष्ठापन के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया। जिला सहकारी समिति संघ का सुदृढ़ीकरण करने और पैक्स की भी सुदृढ़ीकरण करने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। डीसी फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने पूर्व में किये गये कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान डीपीओ यूआइडी आरती पंकज के द्वारा डीसी को जानकारी दी गयी कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण को लेकर महिला पर्यवेक्षिकाओं को यूआइडीएआइ की एनएसआइइटी परीक्षा दिलायी जानी है। डीसी ने जल्द से जल्द सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं का परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया गया बैठक के दौरान डीसी ने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आधार पंजीकरण करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ससमय प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा जिले में निराश्रित बच्चों का आधार पंजीकरण करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में डीएसपी मुख्यालय, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक डाक अधीक्षक, परियोजना पदाधिकारी यूआइडीएआइ, सहायक प्रबंधक यूआइडीएआइ क्षेत्रीय कार्यालय रांची, सीएससी मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीसी ने की जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने अपने कार्यालय कक्ष में सोमवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक कर कई निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में उन्होंने पूर्व में किये गये कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान डीपीओ यूआइडी आरती पंकज के द्वारा डीसी को जानकारी दी गयी कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण को लेकर महिला पर्यवेक्षिकाओं को यूआइडीएआइ की एनएसआइइटी परीक्षा दिलायी जानी है। डीसी ने जल्द से जल्द सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं का परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान डीसी ने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आधार पंजीकरण करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ससमय प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी के द्वारा जिले में निराश्रित बच्चों का आधार पंजीकरण करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में डीएसपी मुख्यालय, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक डाक अधीक्षक, परियोजना पदाधिकारी यूआइडीएआइ, सहायक प्रबंधक यूआइडीएआइ क्षेत्रीय कार्यालय रांची, सीएससी मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीसीएल तोपा कोलियरी कोयला स्टॉक में लगी आग

**डिस्पैच नहीं होने से स्टॉक यार्ड में रखे करीब 80 हजार टन कोयला पर मंडरा रहा खतरा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** सीसीएल कुजू प्रक्षेत्र अंतर्गत तोपा परियोजना स्थित कोयला स्टॉक में कुछ दिन पूर्व से निकल रहे धुआं सोमवार को अचानक आग में तब्दील हो गया। जिससे सीसीएल को भारी नुकसान होने का अनुमान है। वहीं, ऐसे में पीओ एमके सिंह, मैनेजर चंद्रवीर नारायण दोनों के छुट्टी पर चले जाने से क्षेत्र में तरह-तरह के चर्चाएं आम होने लगी है। बताया जाता है कि तोपा कोल स्टॉक में करीब 80 हजार मीट्रिक टन कोयला जमा है। कोयला स्टॉक से कई माह से वाशरी कोयले का उठाव नहीं हो रहा था। जिसके कारण स्टॉक में गैस बनने के बाद पिछले कई दिनों से धुंआ निकल रहा था। लेकिन सोमवार की दोपहर में अचानक कोयला स्टॉक से आग की लपटे निकलने लगी। जिसके बाद प्रबंधन द्वारा सीसीएल के अग्निशमन वाहन से आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा। साथ ही, कोयला स्टॉक में बचे हुए कोयला को हॉलपैक व हाइवा के माध्यम से हटाकर सीसीएल को नुकसान से बचाने का प्रयास जारी है। इधर, आग की लपटों के साथ निकलते धुंए के कारण आसपास के क्षेत्र में धुएं के अंबार फैल रहा है। साथ ही, स्टॉक के निकट रहने वाले कॉलोनी वासियों को धुएं में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि गत 2023 के फरवरी माह में सीसीएल तोपा परियोजना खुली खदान के उत्तरी भाग में आग लग गयी थी। जिससे पूरा क्षेत्र में धुंए का अंबार फैल गया था।

## मुंशी धर्मेंद्र गुप्ता अपहरण कांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

**कट्टा और कारतूस के साथ फिरौती का 9 लाख 5 हजार 700 रुपया बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के बलबल गांव के समीप पुल निर्माण कार्य करा रहे मुंशी का अपहरण मामले में चार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपहरणकर्ताओं में बोकारो जिले के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के हुरलूंग करमाली टोला के रामेश्वर उर्फ रमेश करमाली उर्फ रमाकांत, बोकारो जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको गांव निवासी दीपक कुमार यादव, पेटरवार थाना क्षेत्र के तेनुघाट घरवाटांड निवासी राजन यादव उर्फ दिलीप यादव उर्फ टार्जन तथा हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कादिर नगर निवासी सुभान अंसारी का नाम शामिल है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीते 31 मई को गिद्धौर थाना क्षेत्र में पुरवईया नदी पर पुल निर्माण के कार्य में लगे मुंशी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता का अपहरण कर लिया गया था। हथियारबंद अपहरणकर्ताओं ने मुंशी का अपहरण करने के पश्चात पुल निर्माण कार्य करा रही जय मां अंबे इंफ्रास्ट्रक्चर से फिरौती की मांग कर रहे थे। संवेदक ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के दूसरे दिन ही अपहृत मुंशी को अपहरण से मुक्त करा लिया था। लेकिन अपहरणकर्ताओं ने फिरौती की राशि वसूलने में सफल हो गये थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना के उद्भेदन के लिए सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया गया। गठित टीम ने विभिन्न शहरों में छापेमारी अभियान चलाकर उपरोक्त चारों अपराधियों को हथियार और नगद पैसे के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 9 लाख 5 हजार 700 रुपये, लोडेड कारतूस के साथ एक देसी कट्टा, दो अतिरिक्त कारतूस, अभियुक्तों के द्वारा पुल के पास लगाये गये सीसीटीवी कैमरा का डीबीआर, एक एडाप्टर, एक पिट्ठू बैग, कॉपी, दो डायरी, अलग-अलग कंपनी के आठ मोबाइल फोन, एक अपाची, एक पल्सर और एक ग्लैमर कुल 3 मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। गिरोह का मास्टर माइंड रमेश करमाली, 18 से अधिक कांडों में रहा है शामिल। एसपी ने बताया कि इस गिरोह में कुछ अन्य अपराधी भी शामिल हैं। जिन्हें चिन्हित कर लिया गया है। इसमें चतरा का भी एक अपराधी शामिल है। जिसके द्वारा अपहरण का इनपुट गिरोह को दिया गया था। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। जल्द ही गिरोह के अन्य अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय मांडू में कक्षा 11 वीं के तीनों संकायों में नामांकन प्रारंभ

**मांडू (आजाद सिपाही)।** एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय मांडू में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं में विज्ञान, वाणिज्य और कला संकायों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी विद्यालय में आकर अपना नामांकन सुनिश्चित कर सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के छात्रों ने शैक्षणिक उत्कृष्टता की मिसाल पेश की है। इंटरमीडिएट और मैट्रिक दोनों परीक्षाओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने रामगढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

## आदिवासी छात्र संघ कार्यालय में बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि मनी



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सिदो-कान्हू चौक चेक पोस्ट स्थित आदिवासी छात्र संघ कार्यालय उरीमारी में विस्थापित समिति के द्वारा सोमवार को धरती आबा बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्य तिथि मनायी गयी। इस अवसर पर विस्थापित नेता सह अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय महासचिव दसई मांझी ने सर्वप्रथम बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात विस्थापित समिति के दिनेश करमाली, कार्तिक मांझी, सुखू मांझी, कृष्णा सोरेन, तालो हांसदा ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वहीं दसई मांझी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा 19 वीं सदी के आदिवासी समुदाय के जननायक थे। उन्होंने बहुत कम उम्र में ही ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी और जल, जंगल, जमीन को बचाने में अपने प्राणों को आहुति दी। इस लिए बिरसा मुंडा धरती आबा के नाम से जाने जाते है। मौके पर परमेश्वर सोरेन, मनोज सिंह, विनोद सोरेन, सुखदेव किस्कू, बरियत किस्कू, सुवित राम किस्कू, सुरेश प्रजापति, सुरेंद्र करमाली, विक्रम टुडू, सोमरा पवरिया, देवन बेदिया, रामबृक्ष बेदिया, नरेश पवरिया, अनिल मुर्मू, प्रदीप किस्कू, टिंकू करमाली, पुरन टुडू, अजय बेसरा, बिरजू मांझी, महावीर मांझी, रमेश मांझी, राहुल पवरिया, दीपक मरांडी, बिगना मांझी, बुधन करमाली, अजय साव आदि कई लोग मौजूद थे।

## योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चोकाद में संकुल स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संकुल के सीआरपी योग प्रशिक्षक तपन पोद्दार और शारीरिक शिक्षक रमेश प्रसाद यादव के द्वारा योग प्रोटोकॉल और सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में चोकाद संकुल के सभी विद्यालय के एक-एक नोडल शिक्षकों ने भाग लिया। सभी 21 जून को 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने-अपने विद्यालय में योग सत्र का आयोजन करेंगे। प्रभारी प्रधानाध्यापक राजदीप रविदास ने योग के लाभ को बताया। साथ ही योग करने की प्रेरणा दी। मौके पर सुशांत चक्रवर्ती, कालेश्वर राम, राजेंद्र प्रसाद मेहता, अमित कुमार, बसंत करमाली, उमेश कुमार सहित कई शिक्षकों ने भाग लिया।

## झाड़ी में एक माह पूर्व अचेत मिली युवती ने रिम्स में तोड़ा दम




**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत कटिया पंचायत के रतनाग गांव की उस युवती ने आज रांची के रिम्स अस्पताल में दम तोड़ दिया, जो एक माह पूर्व झाड़ियों में अचेतावस्था में मिली थी। बीते 6 मई की रात एक शादी समारोह में शामिल होने निकली उस युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। शादी समारोह में तेज आवाज में बज रहे डीजे का फायदा उठाकर आरोपी ने इस अमानवीय कृत्य को अंजाम दिया और उसे अचेतावस्था में गांव से सटे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। जब परिजनों को रातभर युवती नहीं मिली तो सुबह खोजबीन के दौरान वह झाड़ियों में गंभीर स्थिति में मिली, जहां से उसे तत्काल चतरा सदर अस्पताल लाया गया। स्थिति गंभीर होने पर हजारीबाग और फिर रांची रिम्स रेफर किया गया, जहां विगत एक महीने से उसका इलाज रांची रिम्स में चल रहा था। लगातार खून बहने और मानसिक और शारीरिक आघात से जुझ रही युवती ने आज सुबह अंतिम सांस ली। घटना के तत्काल बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए गांव के ही लोकेश गंझू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार राय ने बताया कि पीड़िता के परिजनों द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के आधार पर आरोपी को जेल भेजा गया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से कार्य करते हुए, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस)/टाटा, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्रम संख्या:** 1; **खुली ई-निविदा सूचना संख्या:** आरएस-टाटा-03-2025-26; **कार्य का विवरण:** 3-फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में कैब के थर्मल इन्सुलेशन के प्रावधान के साथ कैब में एयर कंडीशनिंग की रेट्रो फिटिंग; **निविदा मूल्य:** ₹ 2,22,07,681.36; ₹ 2,61,100.00; **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य; **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 30.06.2025 को 15:00 बजे; **निविदा खोलने की तिथि:** 30.06.2025 को टीआरएस/टाटा में; **निविदा वेबसाइट** https://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है, ई-निविदा का पूरा विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है। ई-निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा किया जाएगा। यदि खुलने की तिथि किसी बंद या अवकाश के दिन पड़ती है, तो निविदा अगले कार्य दिवस पर उसी समय खोली जाएगी। (PR-241)

**AFFIDAVIT**

I, Harendra, S/o Suderson Pandey, R/o Near Shivam Apartment, New Bandhgari, Dipatoli, PO.+PS.-Bariatu, Dist-Ranchi, Jharkhand, vide Affidavit No.-01, dated-15.01.2025 declare that HARENDRA and HARENDRA PANDEY both names are same and one person. From now onwards I. shall be known as Harendra for all purposes.

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.ETCECONIBBS 2025023, दिनांक :03.06.2025

**कार्य का नाम :** पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मण्डल के अधीन कलाहाण्डी (नरला) में इलेक्ट्रिक लोको रखरखाव (POH) कार्यशाला की स्थापन से संबंधित संरचना में मिट्टी कार्य, छोटे पुल का निर्माण, P.Way कार्य का निष्पादन (कार्यशाला सहित), बैलास्ट की आपूर्ति एवं अन्य संबद्ध कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 2225.48 लाख, EMD (रुपये में) :12,62,700/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 18 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 04.07.2025 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही वह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं निविदा समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। प्रस्तावित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा सूचना में कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर भी ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए दिए सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित एवं हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B/G एवं G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 में अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(निर्माण)/ भुवनेश्वर
PR-40/CI/25-26

# देर आये, मगर दुरुस्त आये

कनाडा को आखिरकार जी7 सम्मेलन के लिए भारत को न्योता देना पड़ा। यह नई दिल्ली के बढ़ते वैश्विक कद को दिखाता है। भारत को साथ लिए बिना दुनिया के सबसे ताकतवर और अमीर देशों के लिए भी अपने अजेंडे पर आगे बढ़ना मुश्किल होगा।

**दूसरे देशों का दबाव:** कनाडा के पीएम मार्क कार्नी पर खालिस्तान समर्थक संगठनों का बेहद दबाव था कि उसकी अध्यक्षता में होने वाले जी7 सम्मेलन में भारत को आमंत्रित न किया जाये। कार्नी सरकार ने शुरुआत में अलगाववादियों की मांग के सामने लगभग हथियार डाल ही दिए थे, लेकिन उनके बयान से जाहिर है कि मंच के बाकी सदस्य देश भारत की भागीदारी चाहते थे और इसके चलते कनाडा को झुकना पड़ा। उस पर यह प्रेशर भी होगा कि मेजबान होने के नाते अगर सम्मेलन सफल नहीं रहता है, तो जवाबदेही उस पर आएगी।

**दुनिया के हित में:** कार्नी ने खुद स्वीकार किया है कि एनर्जी, अक्, अहम खनिजों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सबसे प्रभावशाली देशों को आमंत्रित करना जरूरी है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे बड़ी आबादी होने के नाते भारत का इस सम्मेलन में होना स्वाभाविक है। यह नई दिल्ली नहीं, इस मंच और बाकी दुनिया के हित में है कि भारत इसका हिस्सा बने।

> भारत को बुलाना भले कनाडा की मजबूरी रही हो, लेकिन अब उसके पास इस अवसर का फायदा उठाने और अपनी गलती सुधारने का मौका है। पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के दौर में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर के चलते जो रिश्ता बिगड़ गया, कनाडा उसे सुधार सकता है।

**भारत का बड़प्पन:** कनाडा ने आखिरी वक्त पर भारत को आमंत्रित किया, वह भी इस मुद्दे पर उठे विवाद के बाद। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे स्वीकार किया और कार्नी को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी। यह भारत के जिम्मेदारी भाव और बड़प्पन को दशार्ता है कि कूटनीतिक तकाजों से अलग उसने हालात के मुताबिक फैसला लिया।

**अलगाववादियों पर एक्शन:** पीएम मोदी ने अपने मेसेज में कहा है कि भारत और कनाडा आपसी सम्मान व साझा हितों के मार्गदर्शन में मिलकर काम करेंगे। इसके मायने हैं कि भारत पिछली कड़वाहट को भुलाकर कनाडा के साथ संबंध सुधारने को तैयार है, लेकिन क्या कार्नी सरकार भी तैयार है? इसके लिए उसे अपने यहां मौजूद कट्टरपंथी और अलगाववादी तत्वों के प्रेशर से बाहर निकलना होगा।

**फायदा उठाए कनाडा:** भारत को बुलाना भले कनाडा की मजबूरी रही हो, लेकिन अब उसके पास इस अवसर का फायदा उठाने और अपनी गलती सुधारने का मौका है। पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के दौर में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर के चलते जो रिश्ता बिगड़ गया, कनाडा अब उसे सुधार सकता है।

**अभिमत आजाद सिपाही**

**भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1.57 लाख से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न और 3,600 से ज्यादा डीप-टेक वेंचर शामिल हैं, जो एआइ, बायोटेक और सेमीकंडक्टर पर केंद्रित हैं। अकेले हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से ज्यादा स्टार्टअप सामने आये हैं, जो एक भरोसेमंद इनोवेशन अर्थव्यवस्था के उदय का संकेत है। स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पहले ही 17.2 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किये हैं और समस्या-समाधानकर्ताओं (प्रॉब्लम सॉल्वर्स) एवं उद्यमियों की एक नयी पीढ़ी को प्रेरित किया है।**

# मोदी का 11वां सालः भारत के बदलाव में एक बड़ी उपलब्धि



**हरदीप एस पुरी**



लोकतंत्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे वंचितों और अल्पवंचितों तक सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में उच्च मानकों पर खरे उतरें। भारत में यह कसौटी और भी कठोर है। कोई भी नारा बिना उद्देश्य के और कोई भी दावा बिना परिणाम के नहीं टिकता। वास्तविक बदलाव का फायदा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में, अंत्योदय (समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान) के लिए वोट किया जाता है। यही कारण है कि मोदी 3.0 के एक वर्ष में, दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में मिले शानदार जनादेश केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं हैं, बल्कि वे इस बात की पुष्टि करते हैं कि आज के भारत में, बयानबाजी नहीं, बल्कि काम करके भरोसा जीता जाता है।

'अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय' के दर्शन पर आधारित कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि देश के विकास में कोई भी भारतीय पीछे न छूट जाये। 25 करोड़ से अधिक लोगों को कई तरह की गरीबी से बाहर निकाला गया है।

> मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने पर, बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.68 लाख करोड़ से अधिक वितरित किये गये हैं। 'लखपति दीदी' पहल ने एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सालाना 1 लाख से अधिक आय प्राप्त करने का अधिकार दिया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी गयी है। जल जीवन मिशन के तहत, 15.44 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं।

70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाइ) का विस्तार किया गया है, चाहे उनकी आय कुछ भी हो। इससे लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे उन्हें व्यापक स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। इसके अलावा, इस योजना का विस्तार करके अग्रिम पंक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकताओं को भी इसमें शामिल किया गया। ये चौंका देने वाले आंकड़े केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि लाखों भारतीय घरों में बदलाव की कहानियां हैं।

आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति से संबंधित प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पहलगाम हमले के बाद त्वरित प्रतिक्रिया में स्पष्ट थी, जहां आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया था। देश ने नुकसान पर शोक व्यक्त किया, लेकिन एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता और दबदबे के साथ अंजाम दिया, जिससे उसके आतंकवाद से लड़ने और अपने नागरिकों की रक्षा करने के संकल्प की पुष्टि हुई।

दुनिया ने प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व द्वारा समर्थित भारतीय रक्षा बलों की तकनीकी और रणनीतिक श्रेष्ठता देखी है। दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति आत्मनिर्भरता के लिए रणनीतिक निवेश से मेल खाती है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की व्यापक सटीकता, आंशिक रूप से कई वर्षों तक स्वदेशी रक्षा क्षमता पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण सक्षम हुई। 2014 के बाद, भारत के रक्षा विनिर्माण का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ है, निर्यात में भारी बढ़ोतरी हुई है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ है।

आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत, रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी), रक्षा उत्पादन और निर्यात प्रोत्साहन नीति (डीपीइपीपी) जैसे प्रमुख सुधार और कुछ क्षेत्रों के लिए 100% एफडीआइ खोलने से घरेलू कंपनियों को फलने-फूलने में मदद मिली है।

ड्रोन और उसके कलपुर्जों के लिए दो विशेष पीएलआई योजनाओं की शुरूआत से अगली पीढ़ी के नवाचार को और भी बढ़ावा मिला है। आज, भारत द्वारा डिजाइन की गयी मिसाइल प्रणाली, बख्तरबंद वाहन और नौसैनिक प्लेटफॉर्म न केवल हमारी सेनाओं में तैनात हैं, बल्कि 80 से अधिक देशों को निर्यात किये गये हैं। इससे ऐसे समय में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई है, जब विश्वसनीय रक्षा भागीदारों पर वैश्विक भरोसा बहुत अधिक है।

विनिर्माण इसी नजरिये के केंद्र में है। भारत बड़े निवेश और सरकारी प्रोत्साहनों के कारण सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स असम में 27,000 करोड़ के निवेश से सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र बना रहा है, जिसके 2025 के मध्य तक परिचालन में आने और लगभग 27,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इस बीच, एचसीएल और फॉक्सकॉन का 3,706 करोड़ का संयुक्त उद्यम उत्तर प्रदेश के जेवर में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है, जो डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स पर ध्यान केंद्रित करेगी और इसका उत्पादन 2027 में शुरू होगा।

भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1.57 लाख से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न और 3,600 से ज्यादा डीप-टेक वेंचर शामिल हैं, जो एआइ, बायोटेक और सेमीकंडक्टर पर केंद्रित हैं। अकेले हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से ज्यादा स्टार्टअप सामने आये हैं, जो एक भरोसेमंद इनोवेशन अर्थव्यवस्था के उदय का संकेत है।

स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पहले ही 17.2 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किये हैं और समस्या-समाधानकर्ताओं (प्रॉब्लम सॉल्वर्स) एवं उद्यमियों की एक नयी पीढ़ी को प्रेरित किया है।

इस बीच, भारत धीरे-धीरे दुनिया के सबसे जुड़े हुए लोकतंत्र के रूप में उभरा है। 80 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स और 136 करोड़ आधार नामांकन के साथ, यह दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान कार्यक्रम बन गया है। अब हमारी वैश्विक डिजिटल पेमेंट में 46% हिस्सेदारी हो गयी है, जो यूपीआइ जैसे प्लेटफॉर्म पर आधारित है जिसने वित्तीय लेन-देन को सभी के लिए आसान बना दिया है। इन प्रणालियों ने न केवल नागरिकों को सशक्त बनाया है, बल्कि शासन को और भी स्मार्ट, तेज और पारदर्शी बनाया है।

2024-25 के केंद्रीय बजट में हमारी सरकार की निर्णय लेने की क्षमता साफ नजर आती है। कुल व्यय 44.6 लाख करोड़ निर्धारित किया गया, जिसमें पूंजीगत व्यय को अभूतपूर्व रूप से बढ़ा कर 10 लाख करोड़ किया गया। कर छूट को बढ़ाया गया, मध्यम वर्ग के लिए रिबेट दोगुनी कर दी गयी और लंबे समय से स्टार्टअप के लिए चिंता का विषय रहे एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया गया। इन सुधारों से उपभोग में बढ़ोतरी होती है, उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलता है और भारत के दीर्घकालिक विकास पथ को मजबूती मिलती है।

मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने पर, बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। सड़कें, कारखाने और सौर पैनल सिर्फ प्रगति के संकेत नहीं हैं, बल्कि वे आकांक्षाओं की नींव हैं। आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक सहित हर क्षेत्र में भारत राष्ट्रीय स्तर पर नवीनीकरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। जनादेश भी स्पष्ट है।

विजन बरकरार है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, निर्णायक दशक अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। इतिहास इस वक्त को सिर्फ तेज विकास के चरण के रूप में ही नहीं, बल्कि उस क्षण के रूप में दर्ज करेगा, जब भारत ने विश्वास किया, बदलाव किया और नेतृत्व किया है।

**(लेखक : भारत सरकार में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### गोविंदपुर सामाजिक सेवा संघ कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा को दी गयी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सामाजिक सेवा संघ कार्यालय गोविंदपुर में बीर शहीद भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में संघ के सदस्य सहित स्थानीय लोग शामिल हुए। मौके पर सभी ने बारी बारी से भगवान बिरसा मुंडा की फोटो के समक्ष धूप दिखाकर व पुष्प भेट श्रद्धासुमन अर्पित की। इस अवसर पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक नाम नहीं बल्कि आदिवासी अस्मिता और संघर्ष के प्रतीक है। उन्होंने शोषण,अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया। उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। श्री सामंत ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य बिरसा मुंडा के आदर्शों और उनके बलिदान को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में एकजुटता व जागरूकता फैलाना है। मौके पर उपस्तित लोगो ने बिरसा मुंडा के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत के साथ मुखिया शिवलाल लोहरा, छोटे सरदार, सुलोचना लोहरा, रूपम सिंह, पूर्णिमा पाल, अर्जुन लोहरा, सरवन लोहरा, विकास लोहरा सहित अन्य समाजसेवी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### तिरुलडीह में भूत-प्रेत की अफवाह से ग्रामीणों में दहशत



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** जिला के तिरुलडीह थाना क्षेत्र में ग्रामीणों में भूत-प्रेत की अफवाह से दहशत का माहौल है। डाटम की जंगल में शाम ढलते ही ग्रामीण डर के साये में जीने लगे हैं। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि जंगल में एक गर्भवती महिला का एक्सीडेंट हो गया था, जिसके बाद वह प्रेत बनकर राहगीरों को परेशान करती है। लोगों का मानना है कि यह प्रेत सड़क पर खड़ी होकर राहगीरों को आवाज देती है। जिसके कारण बार-बार सड़क दुर्घटनाएं की घटना घटित होती हैं। फिलहाल जितने भी ग्रामीण दावे कर रहे हैं उन्होंने अभी तक भूत प्रेत को नहीं देखा है वह सिर्फ दूसरों से सुनकर ही अपने दोस्तों एवं परिवार के सदस्यों को सुना रहे हैं। ग्रामीणों में अफवाह इतनी तेजी से फैल गई है कि शाम ढलते ही सड़क पर चलने से कतराते हैं। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि कई बार महिला की आत्मा को भटकते देखा गया है, जो कि एक मां के रूप में अपने बच्चे के साथ सड़क पर खड़ी होकर राहगीरों को पुकारती हैं। हालांकि इस अफवाह के पीछे क्या है सच्चाई पुलिस जांच में जुट गयी है। इस संदर्भ में तिरोड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि अफवाह फैलाकर लोगों में दहशत फैलाने की कोशिश की जा रही है। जिसके लिए ग्रामीणों के साथ कल बैठक रखी गयी है। बैठक में लोगों को जागरूक किया जायेगा। वहीं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सूझबूझ से काम लेते हुए सड़क नियमों का पालन करना होगा।

### कांग्रेस के सीतारामडेरा मंडल ने निकाली संविधान बचाओ पदयात्रा, समस्याओं से अवगत हुए जिलाध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सीतारामडेरा मंडल के द्वारा संविधान बचाओ पदयात्रा का आयोजन किया गया। सोमवार को पदयात्रा भुईयाडीह के आदर्शनगर स्थित माँ रक्षा काली मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर कान्हू भट्ठा होते हुए कल्याणनगर तक भ्रमण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे शामिल हुए। यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के काफिला विभिन्न बस्तियों से गुजरने के दौरान लोगों ने अपनी बुनियादी समस्याएं जिलाध्यक्ष के समक्ष रखीं। बस्तीवासियों ने बिजली आपूर्ति की समस्या उठाते हुए जुस्को से बिजली कनेक्शन की मांग की। जिलाध्यक्ष दुबे ने सुझाव दिया एक संयुक्त आवेदन पत्र तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा।वही पानी आपूर्ति व पाइपलाइन बिछाने की समस्या पर भी चर्चा हुई, जिलाध्यक्ष ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर समाधान की दिशा में कदम उठाए। साफ-सफाई की समस्या को लेकर भी लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं,जेएनएसी के अधिकारियों से वार्ता कर पहल का आश्वासन मिला।मौके पर सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष विनोद यादव की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया।जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कांग्रेस पूरे प्रदेश में संविधान बचाओ अभियान के साथ-साथ संगठन सृजन अभियान भी चला रही है। जिसके अंतर्गत मंडल और प्रखंड स्तर की इकाइयों को पुनर्गठित किया जा रहा। सक्रिय कार्यकताओं को संगठनात्मक दायित्व सौंपा गया। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया वे क्षेत्रीय समस्याओं से संबंधित आवेदन एकत्रित कर, जिला कांग्रेस के माध्यम से संबंधित विभागों को सौंपें ताकि समस्याओं का समाधान कराया जा सके।

### पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता छतरपुर जिला संगठन प्रवास के लिए रवाना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी,संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल और मध्य प्रदेश प्रभारी के राजू के निर्देश पर संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के द्वारा मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला के लिए पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। सोमवार को नियुक्ति मिलने पर पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता 10 दिवसीय संगठन प्रवास दौरे पर छतरपुर के रवाना हुए। इससे पूर्व उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा प्रवास के दौरान पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने,समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें संगठन में नेतृत्व की जिम्मेदारी और जमीनी कार्यकताओं व आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जायेगा। पूर्व मंत्री ने कहा छतरपुर जिले में पार्टी की जड़ों को और गहराई तक ले जाने के लिए विभिन्न बैठकें,संवाद कार्यक्रम, और संगठनात्मक समीक्षा सत्र आयोजित किए जायेंगे। साथ ही संगठनात्मक ढांचे को और सशक्त बनाने के लिए पार्टी की रणनीतियों को जमीनी स्तर पर लागू किया जायेगा। पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने विश्वास जताया छतरपुर में कांग्रेस संगठन एकजुट होकर आगामी चुनावों में मजबूती से उभरेगा और राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की लड़ाई को और धार देगा। संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी की सांगठनिक मजबूती और कार्यकर्ता आधारित नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है।

### ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की बैठक, राजीव रंजन को दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बमार्माइंस ईस्ट प्लांट बस्ती में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस जमशेदपुर महानगर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।सोमवार को महानगर अध्यक्ष मनोरंजन सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक के दौरान संगठन के 20 से अधिक पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया।मौके पर आगामी सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा हुई। सम्मेलन के माध्यम से संगठनात्मक विस्तार और कायस्थ समाज की एकता को और मजबूत करने के लिए रूपरेखा तय की गयी। इस अवसर पर ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन को बिहार स्वर्ण आयोग का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त की और उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा यह उपलब्धि न केवल जीकेसी के लिए गौरव का विषय बल्कि पूरे कायस्थ समाज के लिए प्रेरणास्पद भी है। सदस्यों ने निर्णय लिया एक प्रतिनिधिमंडल जल्द राजीव रंजन से भेंट कर उन्हें सम्मानित करेगा। साथ ही बैठक में विचार किया गया झारखंड में भी बिहार की तर्ज पर स्वर्ण आयोग का गठन हो, इसके लिए झारखंड सरकार से आधिकारिक मांग की जायेगी। महानगर अध्यक्ष मनोरंजन सिन्हा ने कहा जीकेसी समाजहित के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता आया है और आगे भी समाज के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए सक्रिय रहेगा। मौके पर सभी सदस्यों ने आगामी योजनाओं को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### फर्जी रिपोर्टिंग नहीं किया जायेगा स्वीकार : उपायुक्त

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड सरायकेला, गम्हरिया एवं कुकड़ू में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण एवं आधारभूत संरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों की योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गयी। आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण युक्त आहार का नियमित व ससमय वितरण सुनिश्चित हो, उन्होंने विद्यालयों में संचालित ऑनलाइन कक्षाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, औद्योगिक क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं से फीडबैक प्राप्त करने तथा उनके नियोजन हेतु ठोस प्रयास करने के निर्देश दिये।

### वाहन में नकली पुलिस बोर्ड लगाकर और फर्जी पुलिस बनकर की जा रही थी उगाही, आरोपी गिरफ्तार



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों आदित्यपुर थाना अंतर्गत टोल ब्रिज के समीप पुलिस पोस्ट पर बिना नंबर के बोलेरो वाहन में काला फिल्म व नकली पुलिस बोर्ड लगाकर रात के अंधेरे में पुलिस बनकर सड़क की ओर से गुजरने वाली बड़ी वाहनों से पुलिस का रोब दिखा कर भैयादोहन करने के मामले कुछ अपराध कर्मियों के विरुद्ध थाने में मामला दर्ज किया गया था। जहां जगह-जगह फरार चल रहे अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही थी। कांड में सम्मिलित अपराध कर्मियों की गिरफ्तार हेतु पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। पुलिस ने तकनीकी सहायता एवं गुप्त सूचना के आधार पर अपराधकर्मी कुणाल कुमार उर्फ बिट्टू नंदी को गिरफ्तार किया।जिसके पास से सफेद रंग का स्विफ्ट कार बरामद किया गया हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं, वही कांड में सम्मिलित अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है।

# झामुमो नेताओं को पलामू प्रमंडल में घुसने नहीं देंगे : सत्येंद्रनाथ तिवारी

## युवाओं के हित में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रमंडल के सभी विधायकों को एक मंच पर आने की अपील

- विधायक ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा की क्षेत्रीय भाषाओं की सूची में हिंदी, अंग्रेजी, मगही और भोजपुरी जोड़ने के लिए आंदोलन की धमकी दी
- जल्द तैयार होगा आंदोलन की रूपरेखा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा की जनजाजीय और क्षेत्रीय भाषाओं की सूची में हिंदी, अंग्रेजी, भोजपुरी और मगही को जोड़ने की मांग को लेकर आंदोलन की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा, पलामू और लातेहार में क्षेत्रीय भाषा के रूप में लोग हिन्दी, भोजपुरी, मगही और अंग्रेजी का प्रयोग करते है। लेकिन राज्य सरकार ने एक साजिश के तहत उक्त भाषा को हटा दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब उक्त सभी भाषाओं को क्षेत्रीय भाषा की सूची में शामिल करने की मांग की है।

**जल्द तैयार होगा आंदोलन की रूपरेखा :** विधायक ने कहा कि पलामू प्रमंडल की क्षेत्रीय भाषाओं को सूची में जोड़ने के लिए जल्द ही आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी। उन्होंने कहा कि अब किसी भी हाल में पलामू प्रमंडल के साथ सौतेला व्यवहार नही होने दिया जायेगा। झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा की जनजाजीय और क्षेत्रीय भाषाओं की सूची में हिन्दी, अंग्रेजी, भोजपुरी और मगही को जोड़ने के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ी जायेगी। गढ़वा, पलामू और लातेहार में झामुमो नेताओं का हुक्का-पानी बंद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यहां के बोलचाल की भाषा को अगर क्षेत्रीय भाषा की सूची में नही जोड़ी गयी, तो बाध्य होकर झामुमो नेताओं को पलामू प्रमंडल में घूसने नहीं दिया जायेगा। जब झामुमो नेताओं को पलामू प्रमंडल के युवाओं की कोई चिंता ही नहीं हैं, तो पलामू प्रमंडल में क्यों घूसने दिया जायेगा। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा की सूची में ऐसी कई भाषाएं हैं, जो झारखंड में अव्यवहारिक है। उन्होंने पलामू प्रमंडल के सभी सत्ताधारी दलों के विधायकों से भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भाषाई मामलें में एक मंच आने की अपील की।

**आखिर पलामू प्रमंडल युवा और पढ़े-लिखे लोग कहा जायेंगे :** उन्होंने कहा कि आखिर पलामू प्रमंडल युवा और पढ़े-लिखे लोग कहा जायेंगे। जिस क्षेत्रीय भाषा का उन्हें कोई ज्ञान नहीं है, ऐसे में वे परीक्षा कैसे उतीर्ण करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब इस मामले में पहल करने की मांग की है।

**झामुमो के लोगों को सिर्फ गढ़वा सहित पलामू प्रमंडल के लोगों का वोट चाहिए :** उन्होंने पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो के लोगों को सिर्फ गढ़वा सहित पलामू प्रमंडल के लोगों का वोट चाहिए। भाषाई विषय के मामलें में अब तक पूर्व मंत्री क्यों चुप है। उन्हें इस मामलें में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। झामुमो के गलत नीति और नियम के कारण राज्य के युवा दर-दर की ठोकरे खाने को विवश है। महागठबंधन की सरकार में पलामू प्रमंडल के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने सभी सत्ताधारी दलों के विधायकों से भी इस मामलें में एक मंच पर आने की अपील की है।

## गढ़वा बस पड़ाव में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने गढ़वा एसपी को माँग पत्र दे कर गढ़वा बस पड़ाव में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की है। अपने आवेदन में उन्होंने कहा है कि आये दिन बस पड़ाव में अपराधियों के द्वारा गोली चालन और मारपीट की घटना को अंजाम दिया जाता है। इस पर लगाम लगाया जाय। इस सरकार में अपराधी बेलगाम हो चुके है। गढ़वा बस पड़ाव में पूर्व में भी कई हत्याएं हो चुकी हैं। आवेदन में कहा गया है कि बस एजेंट सोनू कुमार के साथ मार पीट करने वाले अपराधी को जल्द से जल्द गिरफ़्तार किया जाए। यात्रियों का टिकट बस पड़ाव में ही काटने की व्यवस्था की जाये। अपराधी प्रवृत्ति वाले बस एजेंट को बस पड़ाव में घुसने से रोका जाये।

अपराधियों के हाथों घायल सोनू कुमार को इलाज कराने हेतू मुआवजा उपलब्ध कराया जाये। इधर गढ़वा एएसपी के द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। अपराधी जल्द सलाखों के पीछे होंगे।

## वर्तमान और पूर्व मुखिया परिवारों के बीच मारपीट, दो लोग घायल

- वर्तमान मुखिया पति का फुटा सिर और लड़की के कलाई में लगी चोट, मामला पहुंचा थाना

आजाद सिपाही संवाददाता



जख्मी वर्तमान मुखिया पति हेमंत पासवान।

**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी एवं पूर्व मुखिया मालती देवी के परिवारों के बीच मारपीट में वर्तमान मुखिया पति हेमंत पासवान (जो पुलिस विभाग में कार्यरत हैं) का माथा फूट गया और उनकी लड़की अंजनी कुमारी के कलाई में चोट लगी है। मामला रंका थाना में पहुंच गया है। इसके संबंध में मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए हेमंत पासवान ने बताया कि उनका लड़का संदेश कुमार दूध लेकर आ रहा था। पूर्व मुखिया के घर के पास रोड पर उनका स्कॉर्पियो खड़ा था। साइड मांगने को लेकर पूर्व मुखिया पुत्रों ने मारपीट कर दिया। जब इस बात को लेकर हेमंत पासवान पूछताछ करने पहुंचे, तो बिना बताये उन पर भी अरविंद राम (जो आर्मी के जवान है) ने ईंट से प्रहार कर दिया, जिससे उनका माथा फूट गया और बीच बचाव करने पहुंची उनकी लड़की को भी कलाई में चोट लगी है। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वालों में अरविंद राम, इंद्रदेव राम, सूरज देव राम, छोटन और उनके सहयोगी सुमन तुरिया का नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि रंका थाना में मामला पहुंच गया है। थाना प्रभारी इस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गये हैं। इसके संबंध में पूछने पर पूर्व मुखिया सह झामुमो नेत्री मालती देवी ने बताया कि वह एक शादी समारोह में गयी हुई थीं। मारपीट के समय वह नहीं थीं। किंतु प्रत्यक्षदर्शी लोगों के अनुसार वर्तमान मुखिया का लड़का ही बताया जा रहा है। सच्चाई क्या है? पुलिस जांच पड़ताल करने में जुट गयी है।

## राजद का संगठनात्मक चुनाव 11 जून को

गढ़वा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) झारखंड की ओर से संगठनात्मक चुनाव की तारीख तय कर दी गयी है। पार्टी की जिला इकाई का यह चुनाव 11 जून ( बुधवार) को गढ़वा जिले के रंका मोड़ स्थित तिवारी रेस्ट हाउस के सभागार में आयोजित किया जायेगा। इस चुनाव में जिलाध्यक्ष के पद के लिए प्रतिनिधियों का चयन किया जायेगा। चुनाव की ज़िम्मेदारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी खुर्शीद अहमद एवं सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद सैफुल्लाह खान को सौंपी गयी है। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। 12:30 बजे से 01 बजे तक नाम वापसी, 1:30 बजे से 02 बजे तक दस्तावेजों की जांच, शाम 3 बजे चुनाव परिणामों की घोषणा होगी। राजद की प्रदेश इकाई ने सभी पदाधिकारियों, जिला के पदाधिकारी एवं नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड के डेलीगेट, जिला स्तरीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाएं।

## मुखिया ने उपायुक्त से नहर का टूटा हुआ पुलिया बनवाने की मांग की



मुखिया फुलमंती देवी।

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हासनदाग की मुखिया फूलमंती देवी ने सोमवार को गढ़वा डीसी को पत्र देकर अपने पंचायत हासनदाग के पश्चिम टोला चबुतरा के पास नहर का टूटा हुआ पुलिया को बनवाने की मांग किया गया है। मुखिया द्वारा डीसी को दिए गए पत्र में कहा गया है कि नहर पर वर्षों पहले बाना पुराना जर्जर पुलिया पर पिछले दिनों एक हाईवा ट्रक पार करने के क्रम में ध्वस्त हो गया, जिससे आवागमन रूक गया है। पुलिया टूट जाने से आम जनमानस को आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। लोगों को नहर पार करने के लिए काफी दूरी तय करना पड़ रहा है। मुखिया ने जनहित में यहां यथा शीघ्र नया पुलिया निर्माण की गुहार लगायी है।

## मेराल : भीएलइ ने डीसी से मिलकर पंचायत का कार्य स्थानीय स्तर पर ही कराने की मांग की

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सभी पंचायतों के भीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) ने सोमवार को गढ़वा डीसी दिनेश कुमार यादव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखा साथ ही मांग पत्र सौंपा। डीसी को दिए आवेदन में कहा गया है कि सरकार द्वारा निर्गत कार्यों का निष्पादन पंचायत सचिवालय के माध्यम से ही कराया जाना है। परंतु उक्त कार्य को पंचायत सचिवालय से न करा कर ब्लॉक से ही कार्य किया जा रहा है। भीएलई के लोगों ने उपायुक्त से पंचायत का कार्य पंचायत सचिवालय से ही कराये जाने के लिए निवेदन किया। आवेदन देने वालों में शशिकांत विश्वकर्मा, पप्पू कुमार यादव, रशीद अंसारी, सुनील कुमार चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी, सत्येंद्र कुमार, पंकज कुमार पांडे, राकेश यादव, सुनील कुमार, मसरूफ खान, पंकज कुमार, आशीष चंद्रवंशी, मनोज सहित कई लोग शामिल थे।

## भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन होने के बावजूद बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भवनाथपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन इंस्टॉल होने के बाद भी अभी तक चालू नहीं हो पाई है, जिससे मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दो वर्ष पूर्व लगे डिजिटल एक्सरे को चालू करने के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने बीते 24 अप्रैल 2025 को गढ़वा सीएस को पत्र लिखा था, इसी आलोक में सीएस द्वार रिकॉर्ड एंड मेडिकेयर सिस्टम प्रा. लि. को पत्र प्रेषित कर मामले से अवगत गया था। इसके बाद बीते 7 जून को कंपनी के इंजीनियर द्वारा उक्त एक्सरे मशीन को बनाया गया था, लेकिन मशीन बनने के कुछ घंटे के बाद ही कंपनी ने अस्पताल में लगे डिजिटल एक्सरे मशीन क्रय किए जाने के बाद राशि भुगतान में हो रही देरी का हवाला देते हुए उक्त एक्सरे मशीन को लॉक कर दिया, जिससे वह अब तक चालू नहीं हो सकी है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा को पत्र लिखकर अवगत कराया है और आग्रह किया है कि मशीन को जल्द से जल्द चालू कराया जाए। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि एक्स-रे मशीन चालू न होने के कारण उन्हें निजी केंद्रों की ओर रुख करना पड़ रहा है, जहां अधिक पैसे खर्च करने पड़ते हैं। अगर सरकारी अस्पताल की मशीन चालू हो जाती है, तो गरीब मरीजों को काफी राहत मिलेगी। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस ओर कितनी जल्दी पहल करता है, ताकि भवनाथपुर क्षेत्र के मरीजों को जरूरी एक्स-रे सुविधाएं मिल सके।

## एसडीओ को आवेदन देकर जिप सदस्य पर रास्ता और चापाकल पर कब्जा करने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** ओखरगाड़ा निवासी सत्य प्रकाश ने एसडीओ गढ़वा को आवेदन देकर जिप सदस्य पर रास्ता और चापाकल पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए जनहित में मुक्त करने का मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि प्रखंड के ओखरगाड़ा में मनोज सिंह के घर से लेकर मेराल उत्तरी के जिप सदस्य संजय कुमार सिंह के घर होते हुए दिनेश साव के घर तक सरकारी रास्ता को अतिक्रमण मुक्त करने का मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि उक्त रास्ता सरकारी है जो ओखरगाड़ा, पंचफेड़ी मोड से अरंगी के लिए लोग आवागमन करते है। जिसमें जिप सदस्य संजय कुमार सिंह के द्वारा दोनों तरफ से बाउंड्री कर सरकारी रास्ता कब्जा किया गया है, जिससे वाहन लेकर आने जाने में लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही उनके द्वारा कई वर्षों से सरकारी चापानल को बाउंड्री में करके अपना पर्सनल समर सेबल लगाकर उपयोग किया जाता है।

### आरोप बेबुनियाद है : जिप सदस्य

सत्य प्रकाश द्वारा जिप सदस्य पर लगाये गये आरोपों के बारे में पूछे जाने पर जीप सदस्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि अतिक्रमण में आवेदक का घर टूट रहा है, इसलिए बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे घर के पास सड़क निर्माण से पहले जमीन की पैमाइश कराकर सड़क निर्माण कराया जा रहा है।

## प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने विधायक को मांगपत्र सौंपा

- पंचायत स्तर के कार्य पंचायत भवन में निष्पादित कराने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला के डिजिटल प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने सोमवार को विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी से मिलकर अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है। प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने विधायक को बताया कि राज्य सरकार के द्वारा डिजिटल परियोजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में डिजिटल प्रज्ञा केंद्र की स्थापना की गयी है। पंचायती राज्य विभाग की ओर से प्रज्ञा केन्द्र में मानेगा कि योजना जन्म मृत्यु ऑनलाइन एवं प्रमाणपत्र ई ग्राम स्वराज पीडीआई सहित अन्य कार्य पंचायत भवन में करना है। उक्त आदेश के बाद भी उक्त सभी कार्य प्रखंड कार्यालय में हो रहे है। उसके कारण 189 पंचायत भवन में हम सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों सुबह 9 से लेकर 5 बजे तक बैठ कर समय गुजारते है।

प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने उपायुक्त से पंचायत भवन में ही पंचायत स्तर के सभी ऑनलाइन कार्य पंचायत भवन में ही कराने का मांग किया है। डिजिटल प्रज्ञा केंद्र संचालक रविकांत साह ने कहा कि उपायुक्त के आदेश का भी प्रखंड कार्यालय से अवहेलना किया जा रहा है। पूर्व में राज्य सरकार एवं उपयुक्त के द्वारा पंचायत स्तर के सभी कार्य पंचायत भवन में सभी कार्य निष्पादित करने के लिए निर्देश दिया गया था। मौके पर प्रज्ञा केंद्र संचालक सतेंद्र कुमार कुशवाहा, बिक्की कुमार, श्रवण कुमार, प्रदीप पाल, मनीष कुमार द्विवेदी, राकेश यादव, विकास कुमार, जयराम चौधरी, विकास सोनी, रोहित कुमार, अमित कुमार, अनिल यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## प्रमुख ने अंचल सह प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, कर्मी मिले गायब

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने ब्लॉक सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कई पदाधिकारी और कर्मी गायब मिले, उन्होंने कार्रवाई के लिए डीसी और डीडीसी से शिकायत करने की बात कही। प्रमुख सुबह के 10.40 बजे अंचल कार्यालय निरीक्षण के लिए पहुंची, जहां पर अनुसेवक योगेंद्र साह को छोड़कर सभी अधिकारी और कर्मी गायब मिले। प्रमुख ने अनुसेवक से उपस्थिति पंजी मांग की, उसके बाद अनुसेवक ने अपनी उपस्थिति बनाया। प्रमुख के पूछने पर अनुसेवक ने बताया कि आकर ऑफिस खोल रहे थे, जिस कारण उपस्थिति नहीं बना पाए। इसके पश्चात बाल विकास परियोजना कार्यालय में कंप्यूटर कक्ष को छोड़कर सभी कार्यालय में ताला लटका हुआ था। अंत में प्रमुख ने ब्लॉक कार्यालय पहुंची, जहां ब्लॉक नाजीर राकेश कुमार सिंह, कृषि विभाग में बीटीम राकेश कुमार रजक और चपरासी भीम को छोड़कर सभी प्रखंडकर्मी अनुपस्थित पाये गये, वहीं सभी कार्यालय बंद थे, जबकि चपरासी भीम ने प्रमुख को बताया कि बीडीओ सर उपस्थिति बनाकर गढ़वा मीटिंग में गये हुए हैं। इसपर प्रमुख क्षोभित होते हुए उपस्थिति बनाने वाले कमरे को बंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने इसकी शिकायत डीसी और डीडीसी से करने की बात कही।

## पांचो पंचायत में मनरेगा में जेसीबी से हो रहा कार्य, प्रमुख ने जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** गढ़वा जिला के सगमा प्रखंड अंतर्गत पांचो पंचायत में मनरेगा योजनाओं का संचालन निर्धारित नियमों के विरुद्ध किया जा रहा है। पंचायत क्षेत्र में चल रहे कई मनरेगा कार्यों में मजदूरों की जगह मशीनों, विशेषकर जेसीबी, का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड प्रमुख ने प्रखंड के बीडीओ जुल्फिकार अंसारी को एक लिखित आवेदन सौंपा है, जिसमें नियम विरुद्ध हो रहे कार्यों पर रोक लगाने की मांग की गयी है। प्रमुख द्वारा बीडीओ को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि सगमा प्रखंड में मनरेगा योजना के निर्धारित नियमो का उलंघन करते हुए कार्य कराया जा रहा है। पत्र में उनका कहना है कि मेरे द्वारा प्रखंड के लगभग आधा दर्जन योजनाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें मजदूर के बजाए जेसीबी मशीन से काम कराया जा रहा है जिस कारण सगमा प्रखंड में काम नहीं मिलने के कारण भारी मात्रा में मजदूर पलायन कर रहे हैं। साथ ही उक्त योजना में फर्जी जॉब कार्ड का उपयोग किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि मनरेगा कार्यों की निगरानी में लापरवाही बरती जा रही है। फर्जी मस्टर रोल बनाकर मजदूरों के नाम पर भुगतान तो किया जा रहा है, लेकिन वास्तव में काम मशीनों द्वारा कराया जा रहा है। यह न केवल योजना की आत्मा के खिलाफ है, बल्कि कानूनी रूप से भी गलत है। इसे देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहना है कि इसकी जांच कर इसमें शामिल लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई किया जाये।

## दो अलग-अलग घटना में दो घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर देर शाम दो अलग-अलग घटित हुई घटना में एक महिला और एक नाबालिक लड़का गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें घायलावस्था में परिजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ एस के सिंह के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला चंद्रावती देवी पति सूरज प्रजापति भवनाथपुर बस्ती निवासी को गढ़वा रेफर किया गया है। चंद्रावती को इस घटना में माथा में गंभीर चोट लगी है, जबकि दूसरी घटना थाना क्षेत्र के कैलान के मंगरदह टोला में जामुन के पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ने के दौरान पेड़ के उपर से गिरकर 12 वर्षीय रंजन भुइंया पिता सकेंद्र भुइंया गंभीर रूप से घायल हो गया।

## धरती आबा की मनायी गयी 125वीं पुण्यतिथि, पूर्व मंत्री ने पुष्पांजलि अर्पित की

# बिरसा मुंडा केवल आदिवासियों के नहीं, बल्कि पूरे देश के प्रेरणा स्त्रोत हैं : मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आदिवासी समाज के महान क्रांतिकारी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। जिला मुख्यालय स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में सोमवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। श्री ठाकुर ने धरती आबा के योगदान को याद करते हुए उन्हें राष्ट्र का प्रेरणास्त्रोत बताया। साथ ही कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित झामुमो के लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल आदिवासियों के नहीं, बल्कि पूरे देश के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके विचारों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कर उनके जीवन से बच्चों को परिचित कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ जो आंदोलन छेड़ा, वह सिर्फ एक विद्रोह नहीं बल्कि एक चेतना, एक क्रांति थी। उलगुलान के नाम से प्रसिद्ध इस आंदोलन ने आदिवासी समाज में जागरूकता की नई लहर पैदा की। बिरसा मुंडा ने कम उम्र में ही यह साबित कर दिया था कि सच्चा संघर्ष उम्र नहीं, संकल्प देखता है। पूर्व मंत्री ने कहा कि बिरसा मुंडा के अदम्य साहस और संघर्ष से अंग्रेजी सरकार इतनी घबरा गयी थी कि उन्हें पकड़वाने के लिए 500 रुपये का इनाम घोषित किया गया था, जो उस समय एक बड़ी राशि मानी जाती थी। इतना ही नहीं अंग्रेजों ने उन्हें कैद कर यातनाएं दीं। अंततः रांची जेल में रहस्यमई परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। लेकिन उनका विचार, उनका संघर्ष आज भी जीवित है और झारखंड की आत्मा में बसता है। श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार बिरसा मुंडा के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा, वनाधिकार कानून का सही क्रियान्वयन, स्थानीय युवाओं को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता सूची में है। उन्होंने कहा कि किया कि आने वाले वर्ष 2029 तक झारखंड पूरी तरह से बदला-बदला नजर आयेगा। यह राज्य विकास और सामाजिक न्याय का उदाहरण बनेगा। मौके पर प्रमुख के रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष शम्भू राम, सचिव शरीफ अंसारी, केन्द्रीय समिति सदस्य तनवीर आलम खान, मनोज ठाकुर, रेखा चौबे, अराधना सिंह, परेश तिवारी, कंचन साहू, संजय चौधरी, केश्वर सहित काफी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया



केतार (आजाद सिपाही)। केतार बाजार स्थित बिंदु राम के घर पर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम और अन्य ने भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। लालेश्वर राम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ अंग्रेजों से युद्ध कर उनका लगातार विरोध किया। जिससे अंग्रेजों को चना चबाना पड़ा तथा उन्हें किसी भी तरह से उनको दबाने के प्रयास में लगे थे। मौके पर बिंदु राम राम विचार साहू इंतियाज अंसारी, सूर्यनाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, संजय वर्मा, महेंद्र पाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# उपायुक्त से मिला टाना भगतों का प्रतिनिधिमंडल




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** टाना भगत समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उपायुक्त डॉ. ताराचंद से मिला और उन्हें टाना भगतों के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को अपनी विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। प्रतिनिधियों ने बताया कि कई योजनाओं का लाभ उन्हें समुचित रूप से नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते समुदाय के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और नियमित निगरानी की मांग की। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने प्रतिनिधियों को धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि टाना भगत समुदाय के हितों की रक्षा के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने योजनाओं की वस्तुस्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए जाएंगे।

## झारखंड विधानसभा की प्रतियुक्त विधान समिति की बैठक

# आमजनों के शिकायतों का ससमय निपटारा करें पदाधिकारी : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सभापति सरयू राय (विधायक जमशेदपुर पूर्वी) की अध्यक्षता में झारखण्ड विधानसभा की प्रतियुक्त विधान समिति की बैठक आज परिसदन लोहरदगा में हुई। बैठक में रोजगार गांरटी अधिनियम सूचना का अधिनियम, सेवा की गारंटी अधिनियम, भोजन का अधिकार अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल अधिकार सरंक्षण आयोग अधिनियम समेत अन्य विभागों के अधिनियम से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। इसमें सभी पदाधिकारियों को अपने अपने कार्यालयों के सूचना पटट् पर अपने विभाग द्वारा प्रदत सेवाओं की जानकारी प्रदर्शित करने और जिला स्तर पर समाहरणालय परिसर में एक सूचना सेवाओं से संबंधित प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर समिति के सभापति सरयू राय ने कहा कि सेवा की गारंटी किसी भी व्यक्ति का अधिकार होता है। जब वह किसी सेवा के लिए आवेदन देता है तो उसे अधिनियम अन्तर्गत निर्धारित समय में सेवा प्राप्त हो जानी चाहिए लेकिन अक्सर आम जन को अधिनियमों की जानकारी नही होती हैं। इसमें जनजागरूकता का भी अभाव है। लोगों का अधिक से अधिक अधिनियमों की जानकारी हो इसके लिए सभी स्तर से प्रयास होना चाहिए। अगर व्यक्ति सूचना का अधिकार अधिनियम अन्तर्गत सूचना मांगता है तो उस व्यक्ति को तय समय के उसी कार्यालय स्तर से ही जवाब मिल जाना चाहिए। अगर व्यक्ति को तय समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो अधिनियम अंतर्गत नियमानुसार दंड का भी प्रवधान किया गया है। बीते दिनों लोहरदगा जिला में ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति व आमलोगों के घरों को हुए नुकसान के उपरांत दिये गये मुआवजा की समीक्षा की गयी व छूटे गये लोगों को भी इसका लाभ देने का निर्देश दिया गया।

## सरयू राय बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर लोहरदगा के शंख मोड़ स्थित बिरसा चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस श्रद्धांजलि समारोह में जमशेदपुर के विधायक सरयू राय, भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह, देवाशीष कार, संजय बर्म्मन, बालकृष्णा सिंह, लक्ष्मी नारायण भगत, अजय पंकज, मीना बाखला, शामेला भगत, भारती सिंहा, निधिकांत प्रसाद, सचिन कुमार, तथा अशोक कांस्यकार समेत अन्य लोगों ने भाग लिया।

## मुखिया ने पंचायत ज्ञान केंद्र का किया उद्घाटन



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के उडुमुडु पंचायत भवन में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन पंचायत की मुखिया ललिता उरांव द्वारा किया गया। मुखिया ने कहा कि यह ज्ञान केंद्र गांववासियों के लिए सूचना, शिक्षा और डिजिटल सेवाओं का एक सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि यहां बच्चे एक साथ बैठकर किताबो के अध्यन के साथ साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए केंद्र में कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की गयी है। इस अवसर पर हफीजुल अंसारी, ऑपरेटर सिदिक आंसरी, शाहिद आंसरी, वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक अजय कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

## लोहरदगा उपायुक्त ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया मल्यार्पण



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि की अवसर पर उपायुक्त डॉ ताराचंद के द्वारा समाहरणालय परिसर लोहरदगा स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेन्द्र मुंडा समेत जिला के अन्य पदाधिकारियों के द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित कर मल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा का अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम, समर्पण व बलिदान हमेशा से हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहा है। भगवान बिरसा के साहस संघर्ष और दृढ़संकल्प का ही परिणाम है कि हम सभी स्वतंत्र जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं। उनकी पुण्य तिथि के अवसर पर हम यह संकल्प लेते है कि हमेशा उनके बताये मार्गों पर चलेगें।

# गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन से जिले में हुए एएनसी एवं संस्थागत प्रसव के संख्या के बारे में जानकारी लिया। तथा संस्थागत डिलीवरी बढ़ाने पर बल देते हुए उपायुक्त ने वैसे क्षेत्रों को चिंहित करने का निर्देश दिया है, जहां संस्थागत डिलीवरी का प्रतिशत कम है। इस दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देशित किया कि एक माह के अंदर कार्य मे सुधारात्मक प्रगति लाते हुए गर्भवती महिलाओं का एएनसी शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी गर्ववती महिलाओं को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस वीएचएसएनडी की जानकारी हेतु निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने जिले में संचालित कुपोषण उपचार केंद्रों में कुपोषित बच्चों के उपचार के सम्बन्ध में जानकारी लिया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती करवा कर उनका उचित उपचार करने का निर्देश दिया। कहा कि संस्थागत प्रसव के कमी के कारणों को दूर कर इसे लक्ष्य के अनुरूप बढ़ाया जाए। उपायुक्त ने सभी एमओआईसी को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का आवेदन ससमय भेजने का निर्देश दिया। जिले में टीबी के रोकथाम एवं ईलाज के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे जानकारी लिया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया। साथ ही उन्होंने फाइलेरिया, मलेरिया समेत अन्य बीमारियों के रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से गर्भवती महिला का एएनसी जांच, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस वीएचएसएनडी, संस्थागत प्रसव, सिजेरियन, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, हीमोग्लोबिन जांच,पेंटा-1 कवरेज, पेंटा-2 कवरेज, ओपीवी-1, कुपोषण उपचार केन्द्र, की उपलब्धता को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## सेन्हा में बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू उठाव एवं परिवहन के विरुद्ध सेन्हा थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा कारवाई करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का दो ट्रैक्टर को मेढ़ो कोयल नदी से जब्त किया गया है। जिसे बालू माफियाओं के बीच हड़कम्प मचा हुआ है। वही जब्त ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत करवाई किया जायेगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेखौफ हो बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू उठा एवं परिवहन धड़ल्ले से जारी था। जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन को मिलते ही त्वरित करवाई करते हुए बालू लदा दो गाड़ी को जब्त किया गया। इस संदर्भ में सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन से सम्पर्क कर जायजा लेने पर उन्होंने कहा कि छापामारी के दौरान अवैध बालू लदा बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। साथ ही बताया कि अंचलाधिकारी के माध्यम से जिला खनन पदाधिकारी को कानूनी करवाई हेतु सूचनार्थ किया गया है।

# छठी बार राजद के लातेहार जिला अध्यक्ष बने रामप्रवेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला अंतर्गत चंदवा प्रखंड के वन विश्रामगार में 6 जून दिन सोमवार को पूर्वाहन 11 बजे राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड चंदवा में झारखंड प्रदेश के नेतृत्व निर्देशानुसार चुनाव प्रभारी पूर्व श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर महतो एवं सभी प्रखंड के पर्यवेक्षक की गरिमा में नियम संगत चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें जिला के सभी कार्यकर्ता शामिल थे। जिससे सभी के सर्वसमिति से लगातार छठे बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव को जिला अध्यक्ष बनाया गया। रामप्रवेश यादव पिता स्वर्गीय भागवत राय ग्राम चंदवा पोस्ट चंदवा थाना चंदवा जिला लातेहार को लगातार छठी बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी पूर्व श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता चुनाव प्रभारी रामप्रवेश यादव को जिला अध्यक्ष पद के निर्वाचन प्रपत्र को सम्मान के साथ दिया गया। इस दौरान रामप्रवेश यादव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि पूर्ण निष्ठा से सभी कार्यकर्ताओं को लेकर पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा।

## शामिल उरांव राज्य दिव्यंग्यता सलाहकार बोर्ड के सदस्य बने



**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उरांव पिता सुकरा उरांव को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा गठित राज्य दिव्यंगता सलाहकार बोर्ड का सदस्य बनाया गया है। शामिल उरांव दिव्यंगता के क्षेत्र में 20 वर्षों से काम किया है। स्वावलंबी विकलांग महासंघ का अध्यक्ष पद पर रहकर दिव्यांग जनों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने का भी अनुभव रहा है। राज्य दिव्यंगता सलाहकार बोर्ड में कुल 42 सदस्य होते हैं। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार द्वारा शामिल उरांव को सदस्य बनाए जाने पर झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, जिप सदस्य राजमणि उरांव, एलजीएसएस के सचिव चंद्रपति यादव, शेख यासीन, स्वालंबी विकलांग महासंघ के लीलावती कुमारी, फूलमानी देवी, आरती कुमारी, विनोद उरांव, विधायक प्रतिनिधि मिट्ठू उरांव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, सरना प्रार्थना सभा के प्रकाश उरांव, फूलदेव उरांव, मुखिया संघ भंडरा के अध्यक्ष परमेश्वर महली ने बधाई दी है।

## बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के जननायक थे : प्रदीप गंझू



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बीडीओ सोमा उरांव ने धरती आबा को माला पहना व पुष्पअपृत कर श्रद्धांजिल दी। उन्होंने कहा बिरसा मुंडा का त्याग, साहस और समाज के लिए संघर्ष भावी पीढ़ियों के लिए सदैव पथप्रदर्शक है। बीडीओ सोमा उरांव ने यह भी कहा कि ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को करते हुए उन्हें नमन किया। बालूमाथ प्रखंड जेएमएम अध्यक्ष प्रदीप गंझू कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक व झारखंड की माटी के वीर सपूत, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन. उनका त्याग, साहस और समाज के लिए महत्वपूर्ण है। प्रदीप गंझू ने यह भी कहा कि आज भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि है। 1900 में 9 जून के दिन रांची जेल में भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी अंतिम सांस ली थी। बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के जननायक थे। इन्होंने देश की आजादी के लिए शहादत दी थी। भगवान बिरसा मुंडा अपने अदम्य शौर्य और साहस के लिए प्रसिद्ध हैं। महज 25 साल की उम्र में बिरसा ने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये थे। बिरसा मुंडा, जिन्हें धरती आबा भी कहा जाता है, उलगुलान और साहस के प्रतीक पुरुष हैं। पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक, प्रखंड कार्यालय सहायक राजीव रंजन कुमार, राजद नेता सह यादव महासभा के अध्यक्ष श्याम सुन्दर यादव सहित दर्जनों लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# प्रशांत कुमार सिंह ने योगासन तकनीकी प्रशिक्षण में लातेहार का नाम किया रोशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के बारियातू प्रखंड अंतर्गत डाढा ग्राम निवासी प्रशांत कुमार सिंह ने योगासन तकनीकी प्रशिक्षण के उच्चतम स्तर पर चयनित होकर जिले का मान बढ़ाया है। योगासन भारत (जो कि भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त संस्था है और भारतीय ओलंपिक संघ की एसोसिएट सदस्य है) के तत्वावधान में पटियाला, पंजाब स्थित सुभाष चंद्र राष्ट्रीय खेल संस्थान में 1 जून से 6 जून तक आयोजित 5वें तकनीकी पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशांत कुमार सिंह का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा। इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर से लगभग 200 तकनीकी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। झारखंड से कुल छह तकनीकी पदाधिकारियों का चयन हुआ, जिनमें से केवल प्रशांत कुमार सिंह का चयन सबसे उच्च स्तर पर हुआ। यह लेवल योगासन भारत द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के सभी स्तरों में सर्वोच्च माना जाता है। झारखंड से केवल प्रशांत कुमार सिंह ने स्थान पाया, जो लातेहार जिले के लिए विशेष उपलब्धि है। छह दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को चार चरणों में परीक्षा से गुजरना पड़ा। सफल उम्मीदवारों को राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों में तकनीकी पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया जायेगा। प्रशांत कुमार सिंह की इस उपलब्धि पर झारखंड योगासन खेल संघ के अध्यक्ष मनोज तिवारी, संरक्षक बिपिन पांडेय, महासचिव चंदु शर्मा, लातेहार जिला योगासन संघ के अध्यक्ष संजय कुमार, संरक्षक बलिराम सिंह के अलावा अन्य जिला वासियों ने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलकर बड़े भाई के सपनों को करेंगे साकार : अनिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड पिपुल्स पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई अनिल कुमार भगत भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर लोहरदगा रांची मुख्य पथ अंतर्गत शंख नदी के समीप पर स्थित उनके प्रतीमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान अनिल कुमार भगत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा अंग्रेजी हुकूमत को अपने दम पर दांतों तले चना चबाने पर मजबूर कर दिया था, आज उनके आदर्शों पर चलने समाज के बेहतर निर्माण हेतु हम सभी को संकल्प लेकर विकसित लोहरदगा जिला और झारखंड प्रदेश को मॉडल राज्य बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा हमें आजादी दिलाने हेतु अंतिम सांस तक अंग्रेजों से लोहा लेने का कार्य कर दिखाये थे। अनिल कुमार भगत ने कहा कि आज हमें गर्व महसूस होता है कि हम सभी झारखंड के निर्माणकर्ता भगवान बिरसा मुंडा के बदौलत अमन-चैन की जिंदगी जी पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलकर हमारे बड़े भाई पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को साकार करना हमारा एकमात्र उद्देश्य है। मौके पर जिलाध्यक्ष अनीश अली, कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, फिलिप्स एक्का समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लातेहार में उपायुक्त में धरती आबा को पुष्प अर्पित की



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा समाहरणालय सभागार में भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का अदम्य साहस, समर्पण और बलिदान से हमें प्रेरणा लेना चाहिए और समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। उनके शौर्य, साहस व पराक्रम को हम सभी नमन करते हैं। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, उपनिर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला कोषागार पदाधिकारी निहारिका वर्मा, गोपनीय पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला निबंधन पदाधिकार विपिन साहू सहित अन्य ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# कोरोना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तैयारी शुरू

आजाद सिाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार देश भर में कोरोना के बढ़ते मामले और झारखंड में इंट्री के साथ ही लातेहार स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। इसे लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। जांच को लेकर अगले दो तीन दिनों में रैपिड एंटीजन टेस्ट सदर अस्पताल में शुरू हो जायेगा। कोरोना जेएन वन से निपटने को लेकर पूर्व में विभाग के द्वारा मॉक ड्रील भी हो चुका है। बता दे कि जिला में फिलहाल कोई भी कोरोना का केस नहीं है। इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए लातेहार सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग के पास आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरे इंतजाम कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि पैनिक होने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि 50 बेड वाले कोविड केयर सेंटर को दुरुस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बालूमाथ महुआडंड चंदवा बरवाडीह मनिका आदि प्रखंड में 10-10 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड को तैयार कर दिया गया है।

# भगवान बिरसा मुंडा को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर शंख मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने बहुत ही कम उम्र में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष की शुरूआत की और अंतिम सांस तक लड़ते रहे। उन्होंने आदिवासी समाज को संगठित कर साहूकारी और महाजनी प्रथा के विरुद्ध जनआंदोलन चलाया। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचारों को आत्मसात कर ही एक समतामूलक समाज की स्थापना संभव है।

जिला पर्यवेक्षक डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। आज हम जो स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं, वह उनकी जैसी विभूतियों के संघर्ष और बलिदान का ही परिणाम है। कार्यक्रम में मोहन दुबे, पवन गौतम, शाहिद अहमद बेलू, शंभू प्रजापति, मुजम्मिल अंसारी, संगीता उरांव, मुस्ताक अहमद, संजय नायक, जुगल भगत, सत्यदेव भगत, मुनीम अंसारी, रुस्तम अंसारी, बुधवा उरांव, दानिश, सरिता खलखो, नीरज टोप्पो, रफीक अंसारी, इलियास अंसारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन भगवान बिरसा मुंडा के सिद्धांतों पर चलने और उनके सपनों का भारत गढ़ने के संकल्प के साथ हुआ।

## मोबाइल दुकान से 50 हजार के समान की चोरी

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कल्हेपाट चौक स्थित मोबाइल दुकान से अज्ञात चोरों ने मोबाइल सहित अन्य सामग्री का किया चोरी। वही दुकान संचालक को सोमवार सुबह में चोरी की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन को घटना से अवगत कराते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगया। थाना क्षेत्र में रुक रुक कर चोरी घटना को अंजाम अज्ञात चोर के द्वारा दिया जा रहा है। इससे पूर्व कंडरा जंगल के समीप से 10 एच पी डीजल सिंचाई मशीन की चोरी का मामला प्रकाश में आया था। उसके कुछ ही दिनों बाद अज्ञात चोरों द्वारा मोबाइल दुकान में चोरी घटना को अंजाम दिया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट चौक में रविवार रात्रि अज्ञात चोरों ने जलालुद्दीन अंसारी के पुत्र वसीम अंसारी का मोबाइल दुकान में भेंटीलेटर तोड़ कर दुकान में प्रवेश करके दुकान में रखा तीन मोबाइल, बुलू टूथ, बोल्ड कार्ड और चार घड़ी को चोरी करके फरार हो गये। दुकान मालिक वसीम अंसारी ने थाना में दिए आवेदन में कहा कि सभी समान का मूल्य लगभग 50 हजार रुपये है। आवेदन प्राप्त होने पर थाना प्रभारी वारिश हुसैन के निर्देश पर एसआइ अविनाश कुमार राम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दलित महिला से मारपीट के आरोपी शिक्षक को अविलंब गिरफ्तार करे पुलिस : डॉ शशिभूषण

## 24 घंटे के भीतर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार नहीं करने पर थाना के बाहर धरने पर बैठने की चेतावनी

**दर्द से कराह रही पीड़िता को एम्बुलेंस बुलवाकर भिजवाया अस्पताल, मदद का आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



पीड़ित महिला का हालचाल लेने उसके घर पहुंचे विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के बसडीहा में दलित महिला लछोया देवी (55), उसकी पतोहू और 15 साल की पोती के साथ गांव के ही दबंग शिक्षक विद्यासागर पांडे द्वारा तलवार से वार कर हमवला हमला किया था। इसके बाद उनकी बेरहमी से पिटाई भी करने का आरेप है। इसकी सूचना पाकर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता सोमवार को पीड़िता के घर पहुंचे। वहीं दर्द से कराह रही पीड़िता को विधायक ने एम्बुलेंस बुलाकर तत्काल बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर भिजवाया। वहीं, उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि विद्यासागर पांडे दलितों पर हमेशा अत्याचार करता है। उसकी दबंगता के कारण गावं के ही शंभू भुइयां और बिंदु भुइयां घर छोड़कर भाग चुके हैं। बतातें चलें कि लछोया देवी भी शिक्षक के यहां गोबर उठाने एवं घरेलू कार्य करती थी। पर जब महिला बीमारी का हवाला देते हुए अस्थाई रूप से काम करने से मना किया तो विद्यासागर पांडे ने उसकी बुरी तरह पिटाई करने के साथ ही कथित रूप से तलवार से वार कर घायल कर दिया है। इतना ही नहीं, दूसरे दिन पीड़िका के घर आकर उसके खाने पिने के समान बी फेंक दिया और पीड़िता के घर में ताला लगा दिया था। कहा था कि वे लोग उसकी जमीन पर बसे हैं। यह सुनकर विधायक ने अंचल निरीक्षक और राजस्व कर्मचारी को बुलाकर जमीन की मापी कर आगे की कार्रवाई करने को कहा। विधायक ने कहा कि दलित महिला पर हमला बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस-प्रशासन आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करें, नहीं तो थाना गेट के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगें।

# सेवा, संघर्ष, सामाजिक सुधार और शहादत ने बिरसा मुंडा को बनाया भगवान: अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आज पूरा देश अकीदत से भगवान बिरसा के सामने नतमस्तक है। विदेशी आक्रांताओं से जब वे गुरिल्ला युद्ध लड़ रहे थे तब अपनों ने ही 500 रुपए के लालच में सिंहभूम के जंगलों से मुखबिरी कर सोते हुए उन्हें पकड़वाया था। क्या मजाल कोई सामने से वार कर गिरफ्तार कर ले। बिजली के करंट थे भगवान बिरसा मुंडा। आदिवासी अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ एक उलगुलान किया और 1895 में अबुआ दिशुम अबुआ राज का नारा दिया। अंग्रेज घबरा गए और पकड़ने के लिए इनाम का घोषणा कर दिया। तीन मार्च को पकड़ भी लिए गए। चाईबासा से खूंटी होते रांची के जेल में बंद कर दिए गए और जहर देकर मौत के मुंह में धकेल दिया गया। जहां 09 जून 1900 को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। आज संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने स्टेशन रोड में स्थापित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने संकल्प लेते हुए कहा कि उनके बताए पदचिन्हों पर चलूंगा। जल जंगल जमीन के लिए लडूंगा। आदिम जनजाति, आदिवासी, मूलनिवासी सभी मेरे भाई है। हक के सवाल पर कंधा से कंधा मिलाकर कदम ताल करूंगा और शहीदों के सपनों को पूरा करूंगा।

# ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निपटने के लिये करना ही होगा पौधरोपण : डॉ ईश्वर सागर



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित पर्यावरण सप्ताह कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें एक सप्ताह तक पर्यावरण संरक्षण, जागरूकता अभियान, ग्लोबल वार्मिंग पर कार्यशाला, पौधारोपण आदि शामिल था। पर्यावरण सप्ताह समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी शामिल हुये। उन्होंने कहा कि पेड़ों के अंधाधुंध कटाई से ग्लोबल वार्मिंग का खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इससे निपटने के लिये पौधारोपण करना ही होगा। उन्होंने अपील की कि सभी लोग वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लें। वहीं, आरसीयू के कुलपति डॉ संजय कुमार झा, रजिस्टार डॉ देवाशीष मंडल एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ नील कुमार सिंह ने पर्यावरण संतुलन में पेड़-पौधों के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। अंत में विश्वविद्यालय परिसर में सभी अतिथियों ने पौधारोपण किया। इस मौके पर अमृता कुमारी, पंकज कुमार, अमन यादवडॉ अंजनी सिंह, शालिनी सुमन, डॉ सत्य प्रकाश, नरेंद्र कुमार, खुशबू सिंह, पीजी कोऑर्डिनेटर डॉ रविंद्र केशरी, अजीत महतो, समाजसेवी इदरीश हवारी, सुपरवाइजर धर्मेंद्र चौबे आदि मौजूद थे।

# दोहरे हत्याकांड के तीन दोषियों को उम्र कैद की सजा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रतीक चतुर्वेदी की अदालत ने दोहरे हत्याकांड के आरोपी हैदरनगर थाना अंतर्गत सजवन निवासी रामजन्म मेहता, राजकुमार मेहता और दिनेश मेहता को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। लगे हाथ उनपर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। बतातें चलें कि इस मामले में हैदरनगर थाना क्षेत्र के सजवन निवासी सुचिका बबीता कुमारी ने 22 अप्रैल 2017 को उक्त लोगों के खिलाफ थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उनके खिलाभ भारतीय दंड विधान (भादवि) की धारा 341, 323, 326, 307, 302 ,120 बी/34 के तहत दर्ज किया गया था। अभियुक्तों पर आरोप था कि 22 अप्रैल 2017 की सुबह पांच बजे सभी ने मिलकर सुचिका कविता कुमारी के घर जाकर उनकी माता मनोरमा देवी, पिता राम सुंदर मेहता को डायन ओझा गुणी कहकर बलुवा, टांगी, डंडा से बुरी तरह पिटाई कर दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, सुचिका के दोनों भाई धीरेंद्र मेहता और धर्मेंद्र मेहता जब अपने माता-पिता को बचाने गए तो उन्हें भी बलुआ टागी एवं डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया था। बबिता और उसकी बहन सविता को भी मारने की कोशिश की थी।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेश पाल को डीसी-जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला प्रशस्ति पत्र




**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांडू प्रखंड मुख्यालय स्थित आरके कल्याण प्लस 2 उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेश पाल को पलामू डीसी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया गया है। बताते चलें कि यह प्रशस्ति पत्र समस्त शिक्षकों एवं कर्मियों के समन्वय से छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करते हुए गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुलभ कराने के बाद इन्हें दिया है। लोगों की मानें तो देवेश पाल को जब से इस विद्यालय का प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाया गया है तब से काफी कुछ सुधार हुआ है। इससे पहले विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण बिल्कुल ही खराब था। बच्चे स्कूल नहीं आते थे। पर देवेश पाल के प्रभारी प्रधानाध्यापक बनने के बाद इस विद्यालय में काफी सुधार हुआ है। पढ़ने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। बच्चे नियमित रूप से क्लास में उपस्थित रहते हैं। सभी शिक्षकों के सहयोग से इस विद्यालय में एक बेहतर शिक्षा का माहौल तैयार हुआ है जो काबिले तारीफ है। यही कारण है कि इस विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

# हुसैनाबाद मध्य विद्यालय में बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम आयोजित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के मध्य विद्यालय में सोमवार को भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद एवं विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि आदिवासी सदा अपनी जड़ और परंपराओं से जुड़े रहते हैं। आदिवासियों का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। वह आज भी अपनी सभ्यता और संस्कृति बचाने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के हक अधिकार की लड़ाई के लिए हमेशा संघर्ष किये। उन्होंने विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से सीख लेने और उनके विचारों को आत्मसात करने को कहा। इस मौके पर विद्यार्थियों ने कई कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें आदिवासी जनजाति, संस्कृति परंपरा, वेश-भूषा, भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़ी गाथाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इसके अलावा आदिवासी संस्कृति से जुड़ी वस्तुओं और चित्रकलाओं का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, जुबैर अंसारी, आशा कुमारी, सुषमा पांडेय, रश्मि प्रकाश, राजेश सिन्हा, बाल संसद के प्रधानमंत्री अमित कुमार, नंदिनी कुमारी, जागृति कुमारी आदि उपस्थित थे।

## डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

# अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर औचक छापामारी करने का निर्देश

**पदाधिकारियों से कहा- आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लायें, पीवीटीजी समूह का शतप्रतिशत बनायें कार्ड**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस ने समाहरणालय सभागार में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने सीएचसी, मेडिकल कॉलेज, सदर अस्पताल, एम्बुलेंस की स्थिति, ममता वाहन, ओपीडी रिपोर्ट, आधारभूत संरचना, एएनएम, स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों, निर्माणाधीन भवनों आदि की विस्तृत जानकारी ली। एम्बुलेंस की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी से उनके क्षेत्र अंतर्गत एम्बुलेंस एवं एम्बुलेंस चालक कितने क्रियाशील है कितने नहीं, कितने की आवश्यकता है इससे संबंधित विस्तृत रिपोर्ट बनाने को कहा। वहीं, आयुषमान कार्ड की समीक्षा के दौरान जिले में धीमी गति से आयुषमान कार्ड बनाये जाने के कारणों से अवगत हुईं। इस दौरान बताया गया कि आमजनों का आधार से मोबाइल नंबर का लिंक नहीं होना एवं आधार-राशन कार्ड में नाम मिसमैच होना कार्य में बाधा बन रहा है। इस पर डीसी ने इन सभी कार्यों से निजात पाने के लिये प्रखंडों में विशेष शिविर लगाने की बात कही। वहीं, पीवीटीजी बहुल इलाकों में आयुषमान कार्ड की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 14,153 पीवीटीजी लाभुकों का राशन कार्ड हैं उसके अनुरूप अभी भी सात हजार 444 लाभुकों का आयुषमान कार्ड नहीं बनाया गया है। इस पस डीसी ने इन सभी लाभुकों का आयुषमान कार्ड बनवाने की बात कही।

### ब्लड बैंक से शिकायतें नहीं आनी चाहिये

बैठक में डीसी ने कहा कि ब्लड बैंक परिसर में कुछ बिचौलियों के सक्रीय रहने की शिकायतें आ रहीं हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करें। भविष्य में ऐसी शिकायतें नहीं आये यह सुनिश्चित होना चाहिये। वहीं, पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधितों को अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर औचक छापामारी करने की बात कही। इसके अलावे कहां कितने डॉक्टरों का पद रिक्त है से संबंधित जानकारी भी ली। सिविल सर्जन ने मैन पावर की कमी से डीसी को अवगत कराया। इस अलावे डीसी ने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, सभी प्रकार के जांच, समय पर आयरन की गोली देने, संस्थागत प्रसव एवं होम डिलीवरी, टीवी, वीएचएनडी कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, एमएमसीएच अधीक्षक, सिविल सर्जन, एमओआईसी, ब्लॉक कार्यक्रम पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा के क्षेत्र में करेंगें हर संभव सहयोग : मंत्री हफीजुल हसन

**योर्स कक्लब ने समारोह आयोजित कर 34 छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मधुपुर।** मधुपुर महाविद्यालय परिसर में योर्स क्लब के तत्वावधान में जैक, आईसीएसई एवं सीबीएसई बोर्ड के कक्षा 10वीं और 12वीं के सफल छात्र-छात्राओं के लिए सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के मंत्री हफीजुल हसन, एसडीओ राजीव कुमार, एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, सीओ यामुन रविदास, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रत्नाकर भारती, योर्स के अध्यक्ष सुभाष सिंह और सचिव प्रिंस समद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया प्राचार्या डॉ भारती ने मंत्री हफीजुल हसन को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद मंत्री जी ने 34 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि मधुपुर जैसे छोटे शहर से राज्य एवं जिला स्तर पर टॉपर छात्रों का आना गर्व की बात है। उन्होंने अपने परिवार के शिक्षा के प्रति योगदान को याद करते हुए कहा कि साल 1949 में मेरे दादा ने चंदे के पैसे से पिपरा में स्कूल खुलवाया था। आज मुझे भी सेवा का अवसर मिला है। शिक्षा के क्षेत्र में जितनी आवश्यकता होगी, मैं सहयोग के लिए तैयार हूं। उन्होंने घोषणा की कि प्रत्येक प्रखंड में पुस्तकालय खोले जाएंगे और जल्द ही भेड़वा में अंबेडकर पुस्तकालय शुरू होगा। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और शादी के लिए बचत की जगह उनकी शिक्षा में निवेश करें। मंत्री ने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि यदि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सहायता चाहिए, तो मेरे पास बेझिझक आ सकते हैं। अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे रोजाना बच्चों के साथ बैठकर उनकी पढ़ाई के बारे में चर्चा करें। वहीं, सम्मानित होने वाले बच्चों में रिद्धिमा सुकृति, स्टेट टॉपर, वाणिज्य संकाय, सीबीएसई बोर्ड, खुशी कुमारी (जिला टॉपर ,विज्ञान संकाय सीबीएसई बोर्ड), खुशी शाह कसेरा (जिला टॉपर, विज्ञान संकाय जैक बोर्ड), रुखसाना प्रवीण (जिला टॉपर विज्ञान संकाय, जैक बोर्ड), जैनब अर्शी, जिला टॉपर (वाणिज्य संकाय,जैक बोर्ड) और तन्नू प्रिया शाही जिला टॉपर कला संकाय, जैक बोर्ड) आदि शामिल हैं। इस मौके पर मधुपुर महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक प्रोफेसर आशीष सिन्हा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष फैयाज केसर, झामुमो जिला सचिव दिनेश्वर किस्कू,अर्फी नाज, शीलू समद मौजूदथे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय शर्मा, राकेश गुटगुटिया, कन्हैयालाल कन्नू, उत्तम मोहनका, सुशील सिंह, शौकत नाज, बप्पी सिंघानिया, संजय टेकरीवाल, मो रिजवान, रोहित लच्छीरामका, शेखर लच्छीरामका, निलेश कुमार, मो ताज, राजेश कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# एनजीटी प्रभावी होने के साथ ही जिले के सभी घाटों से बालू उठाव पर रोक : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल की ओर से पारित आदेश और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्गत गाइडलाइन के आलोक में देवघर जिलान्तर्गत सभी नदी बालू घाटों (कैटेगरी-1 सहित) रो मानसून सत्र 10 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक बालू का उठाव पर पूर्णतः रोक लगा दिया गया है। इसके अलावा एनजीटी के निर्देश के आलोक में जिले के सभी सरकारी एवं पंचायत अधीन संबंधित बालू घाट संचालकों को आदेश दिया गया है कि जिले के नदी घाटों से बालू उठाव पूर्णतः बंद रखेगे। किसी तरह का नदी तल से बालू का उठाव होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सीए एवं थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि बालू घाटों से किसी भी स्थिति में बालू उठाव न हो।

# देवघर में झारखंड वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू



**देवघर (आजाद सिपाही)। बरनवाल सेवा सदन सभागार में सोमवार को झारखंड वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें वैश्य समाज की सभी उपजातियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में सरकार की ओर से लगातार वैश्य समाज की उपेक्षा पर नाराजगी जाहिर की गयी। साथ ही आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, वैश्य आयोग का गठन करने, जाति आधारित जनगणना कराने, छोटे दुकानदारों का 10 लाख रुपए तक का ऋण माफी और, वैश्य समाज के शोषण-दमन और लूटी गई जमीन को वापस करने की मांग लगातार सरकार से की जा रही है। लेकिन अफसोस कोई पहल नहीं की गयी। इस लिए 31 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर में त्राहिमाम धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया है।**

# निर्मल झा ने डीसी को पत्र लिखकर बैद्यनाथ मंदिर की व्यवस्था में सुधार के लिए दिये सुझाव



**देवघर (आजाद सिपाही)।** पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री निर्मल झा ने डीसी नमन प्रियेश लकड़ा को पत्र लिखकर बैद्यनाथ में भक्तों को दर्शन में हो रही परेशानियों को दूर करने की मांग की है। इस बावत डीसी को कुछ सुझाव भी दिए हैं। निर्मल झा का कहना है कि अगर उक्त सुझावों पर मंदिर प्रशासन अमल करे तो श्रद्धालुओं के बीच प्रशासन की एक अच्छी छवि बनेगी और भक्तों को बाबा बैद्यनाथ का सुगम दर्शन हो सकेगा। कहा कि शीघ्र दर्शनम द्वारा जर्लापण के लिए श्रद्धालुओं को अलग रास्ते से प्रवेश मिले, जो टी-प्वाइंट के पास से अलग किया जा सकता है। इस बारे में निवर्त्तमान डीसी से भी बात हुई थी। उन्होंने भरोसा दिया था कि 2025 के श्रावण मेला से पहले यह कार्य हो जाएगा। शीघ्र दर्शनम व्यवस्था में सुधार के लिए एक अलग कमेटी का गठन किया जाना चाहिए, जो पूर्णरूप से शीघ्र दर्शनम व्यवस्था की देखरेख एवं संचालन का कार्य करे। उनकी देखरेख में एक शीघ्र दर्शनम सेवा दल का भी गठन हो, जिसमें कुछ जरूरतमंद स्थानीय युवकों को रखा जा सकता है। इनका कार्य शीघ्र दर्शनम श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन करने में सहयोग करना, कतार को सुगमता से चलाना, घुसपैठ पर अंकुश लगाना, भ्रष्टाचार पर रोक लगाना जैसे काम होंगे। एक समय में दो स्लॉट के श्रद्धालुओं को कतार में लगाया जाए, बाकी यात्रियों को दिये गये समय से एक घंटा पहले बुलाया जाए और उनके बैठने की व्यवस्था उमा भवन में की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी कम हो। **मंदिर परिसर में कई स्थानों पर मरम्मत की है जरूरत :** आये दिन शीघ्र दर्शनम एवं सामान्य कतार के श्रद्धालु गर्मी के कारण बेहोश होते रहते हैं। इस कारण संस्कार भवन, शीघ्र दर्शनम कतार एवं फुट ओवर ब्रिज आदि स्थानों पर पानी-बिजली एवं वातानुकूलित की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, बाबा मंदिर परिसर में अनेकों स्थानों पर मरम्मत की आवश्यकता है। जिसे सभा के साथ विचार-विमर्श कर अतिशीघ्र किया जाना चाहिए। मंदिर में कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए एक निश्चित ड्रेस कोड होना चाहिए, ताकि आम श्रद्धालु को पता चल सके कि मंदिर कर्मचारी यात्रियों की सेवा में लगे हुए है। उक्त सारी बातों पर निवर्त्तमान डीसी ने भी अपनी सहमति जतायी थी। प्रशासनिक भवन के रास्ते किसी भी श्रद्धालु का प्रवेश बंद हो।

# भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत : डीसी



**देवघर (आजाद सिपाही)।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने नगर निगम कार्यालय स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा मौके पर उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए डीसी ने भगवान बिरसा मुंडा के महान योगदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका साहस, संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण हम सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। भगवान बिरसा मुंडा के त्याग, साहस और समाज के लिए संघर्ष भावी पीढ़ियों के लिए सदैव पथप्रदर्शक है।

# बाजार में बढ़ गया है नकली नोटों का प्रचलन: रमेश चीनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** एक बार फिर से नकली नोटों का प्रचलन अंतरराज्यीय सीमा पर बसे शहरों में बढ़ गया है। इसकी शिकायत चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने की है। उन्होंने कहा कि गुमला मुख्यालय के अलावे बसिया प्रखंड में इस मरह का मामला सामने आ चुका है। विशेषकर 500 के नकली नोट बाजार में खपाए जा रहे है। इससे दुकानदारों व आमजनों में चिंता का माहौल है। चुंकि सभी लोग इतने समझदार नहीं है कि खुद से नकली और असली नोटों की पहचान कर सकें। जिस कारण नकली नोट आसानी से बाजार में खपाए जा रहे है। उन्होंने व्यापारियों और आमजनों से भी नकली नोट मिलने पर बैंक व स्थानीय प्रशासन के समक्ष शिकायत करने की अपील की है। साथ ही पुलिस प्रशासन से इस गोरखधंधे पर रोक लगाने के लिए गंभीरता दिखाने का अनुरोध किया है। ताकि नकली नोटों का धंधा फल फूल नहीं सके। वही नकली नोटों की पहचान और सतर्कता के लिए बैंक और प्रशासन से पहल कर जागरूकता अभियान आयोजित करने की आवश्यता जतायी है।

# बिशुनपुर मॉडल स्कूल में शिक्षक नदारद, इंतजार के बाद लौटे बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** छात्र स्कूल पहुंचे, खुद ही स्कूल का ताला खोला, खुद से स्कूल में झाड़ू लगाया, बेंच डेस्क की साफ सफाई की, और मास्टर साहब के इंतजार में अपने अपने क्लासरूम में बैठ गये। लगभग 2 घंटे इंतजार के बाद न तो मास्टर साहब पहुंचे, न रसोइया। बच्चे निराश हो कर खुद ही स्कूल बंद किया और घर चले गये। ये है बिशुनपुर प्रखंड स्थित मॉडल स्कूल के बच्चों का भविष्य।

**दो घंटे इंतजार के बाद लौट गये छात्र, तब पहुंचे शिक्षक :** शिक्षक महेश सोनार 10 बजे विद्यालय पहुंचे और रसोइयाओं द्वारा चाबी मंगा कर विद्यालय खोला। तब तक स्कूल से बच्चे लौट चुके थे। देर से आने का




कारण पूछने पर बताया कि उनका रास्ते में एक्सीडेंट हो गया था। लेकिन अन्य दिनों मे लगातार गायब रहने की बात पूछने पर वह बगलें झांकने लगे।

**स्कूल से अक्सर गायब रहते हैं शिक्षक महेश सोनार :** इस विद्यालय में दो शिक्षक पदस्थ्य हैं। रूपेश गुप्ता और महेश सोनार। छात्र बताते हैं कि रूपेश गुप्ता की उपस्थिति बेहतर नहीं तो संतोष जनक मानी जा सकती है, लेकिन शिक्षक महेश सोनार तो अधिकतर स्कूल से गायब रहते हैं। अब स्कूल की ये स्थिति रहे तो यहां के छात्रों का भविष्य क्या होगा इस बात का अंदाजा बखूबी लगाया जा सकता है। हैरान कर देने वाली बात तो यह है कि दोनों शिक्षकों की उपस्थिति पंजी टनाटन मिलेगी।

**शिक्षकों की लापरवाही के कारण बच्चे लगातार छोड़ रहे है स्कूल :** बिशुनपुर प्रखंड के इस मॉडल स्कूल में कक्षा 6 से 10 तक की पढ़ाई होती है। इस विद्यालय में तकरीबन 95 बच्चे नामांकित है। आठवीं, नौवीं और 10 वीं के बोर्ड के लिए बच्चों को तैयार करने की जिम्मेवारी इन्हीं शिक्षकों के कंधे पर है। छात्र इन बोर्ड परीक्षाओं के लिए कैसे तैयार किए जाते होंगे इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं। बच्चे बताते हैं कि शिक्षकों की अनुपस्थिति, मनमानी और लापरवाही के कारण अब बच्चे स्कूल छोड़ कर जा रहे हैं। और जो बच्चे हैं वो घर पर, कोचिंग सेंटर में या अन्य स्त्रोतों से परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और गायब रहने वाले शिक्षक बता रहे हैं कि उनके स्कूल का रिजल्ट बेहतर हुआ है।

# नवागढ़, पीबो और सिलम पंचायत के 475 किसानों को मिला प्रशिक्षण



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत सोमवार को कृषि विज्ञान केन्द्र गुमला और आत्मा के संयुक्त तत्वावधान मे रायडीह प्रखण्ड के तीन पंचायतो मे एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमे नवागढ़, पीबो एंव सिलम पंचायत के कुल 475 किसानो को प्रशिक्षण दिया गया। खरीफ पुर्व विकसित भारत संकल्प अभियान के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए केबीके के डॉ नीरज ने कहा स्वायल हेल्थ प्रबन्धन पर जोर दे किसान, इसके अंतर्गत फसलो के चयन और संतुलित उर्वरको के उपयोग पर किसानो को जागरूक किया गया,साथ ही तकनीकी समेकित शषुधन व मृदा स्वास्थ्य जांच व जांच आधारित फसल का चयन करने पर बल दिया। प्रशिक्षक के रूप मे डॉक्टर नीरज कुमार वेश्य, मृदा वैज्ञानिक ई ईनोराई कृषि अभियंत्रण वैज्ञानिक डॉक्टर मनमोहन प्रध्यापक मत्सय महाविद्यालय गुमला बीस उरांव सब्जी प्रसार पदाधिकारी गुमला व नीधि तिवारी एटीएम। इस मौके पर नवागढ़ उपमुखिया तस्लीम खाना, पीबो मुखिया मनीषा कुजूर, सिलम मुखिया वीरेन्द्र उरांव, सुनील होता, महाबीर सिंह, बिजय लकड़ा आदि किसान मित्र और महिला पुरूष किसान मौजूद थे।

# घाघरा अंचल कार्यालय के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर काम किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के आह्वान पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय घाघरा के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने सोमवार को काला बिल्ला लगाकर काम किया। राज्य सरकार द्वारा जारी एसओपी और आउटसोर्सिंग के गलत नीतियों के विरोध में तीनों दिनों तक काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। 11 जून को जिला मुख्यालय में कैंडल मार्च निकाला जायेगा। 12 जून को समाहरणालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। 15 जून को मोरहाबादी मैदान रांची में एकदिवसीय महाधरना में सामिल होंगे। ऑपरेटरों ने बताया कि पहले वे दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्यरत थे। लेकिन सरकार ने आउटसोर्सिंग की ओर धकेल दिया। जहां विभिन्न कंपनियों के द्वारा मानदेय में पीएफ राशि की कटौती कर ली। लेकिन किसी का खाता नहीं खोला ना ही खाते में पैसे जमा किया। वहीं समान कार्य के लिए अलग अलग विभागों में अलग अलग मानदेय निर्धारित है। दो साल से मानदेय में बढ़ोतरी भी नहीं की गई है। वहीं नए एसओपी में कई ऐसे गाइडलान जारी किए गए हैं जो आउटसोर्सिंग कर्मियों के हित में नहीं है। मौके पर कम्प्यूटर ऑपरेटर नीतीश कुमार, राजू उरांव, विकास कुमार गुप्ता, विवेक कुमार साहू, प्रमोद टोप्पो, लेदवा भगत, मिनी देवी सहित कई आउटसोर्सिंग कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल गुमला का किया निरीक्षण

# व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से आज सोमवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी प्रेरणा दीक्षित ने सदर अस्पताल गुमला का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ओपीडी, मैटरनिटी वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, एमटीसी सेंटर, जनरल वार्ड, फामेर्सी कक्ष समेत अस्पताल के विभिन्न कक्षों एवं संपूर्ण व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।

निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने कहा कि सदर अस्पताल अंतर्गत कार्यों का संचालन व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। कुछ बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता है, उन्हें अविलंब दूर किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ एवं



सुलभ बनाने हेतु ठोस कदम उठाये जायें। इस क्रम में उपायुक्त ने वेटिंग चेयर की संख्या बढ़ाने एवं वेटिंग एरिया के विस्तार का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में अनावश्यक रूप से ऑटो वाहनों के प्रवेश एवं ठहराव पर रोक लगाने का निर्देश दिया। अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। साथ ही अस्पताल व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने हेतु एक समग्र एक्शन प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने मॉडल ऑपरेशन थिएटर के निर्माण हेतु शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर भेजने की बात कही, जिससे उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए, उपविकास आयुक्त गुमला, डीएस, डीपीएम स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत समन्वयक श्रीमती मोनिका बाला सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से किसान की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह शिवनाथपुर जलका निवासी किसान मोती गोप (55) जलका रोड स्थित अपना खेत जोतने गया था, इसी दौरान खेत में गिरे 11 हजार वोल्ट के तार को हटाने के क्रम में चालू लाइन के चपेट मे आने से घटना-स्थल पर ही किसान के मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस और बिजली विभाग के कर्मी स्थल पहुंचे। विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को 10 हजार रुपये नकद तत्काल सहायता दी गयी। वहीं पंचायत की मुखिया फ्लोरेंस देवी ने कहा कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण गांव के किसान को जान गवांकर चुकानी पड़ी है। जब खेत में लगा हाई वोल्टेज तार टुटकर गिरा हुआ था, फिर भी बिजली काटी नहीं गयी। किसान खेत जोतने के दौरान टुटे तार को खेत से हटाने गया और चालू लाइन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गयी।

# सांसद सुखदेव ने आदिवासी रीति-रिवाज से सरकारी आवास का कराया गृह प्रवेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत अपनी संस्कृति को संजोने के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। कहते हैं कि उपदेश देना आसान है उस पर अमल करना कठिन। वहीं एक और कहावत है कि पहले खुद करो फिर उपदेश दो। इन दोनो कहावतों को सामने रखिए और इस खबर को पढ़िए। सांसद सुखदेव भगत को केंद्र सरकार द्वारा नई दिल्ली के 14 उ फिरोज शाह रोड में सरकारी आवास आवंटित किया गया। इस आवास का गृह प्रवेश सांसद सुखदेव भगत ने आदिवासी रीति रिवाज से कराया। अब ऐसा लगता है कि ये तो कोई बात नहीं हुई। लेकिन नयी दिल्ली में यह काम इतना भी आसान नहीं था। गृह प्रवेश के कई तरीके थे। मगर सांसद ने अपनी संस्कृति से ही अनुष्ठान करवाया। इसके लिए सांसद अपने



गांव लोहरदगा नदिया के पाहन-पुजार को अपने साथ दिल्ली लेकर गये। उन्हे कई दिन अपने साथ रखा। तब निर्धरित तिथि को पाहन पुजार ने आदिवासी रीति रिवाज के तहत डंडा कट्टना अनुष्ठान करवा कर गृह प्रवेश कराया। बता दें कि डंडा कट्टना अनुष्ठान किसी शुभ कार्य के लिए किया जाता है। यूं तो कई सांसदों को दिल्ली में आवास मिला। लेकिन शायद ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी आदिवासी सांसद ने आवंटित सरकारी आवास में गृह प्रवेश अनुष्ठान आदिवासी रीति-रिवाज से किया हो।

# जन शिकायत निवारण दिवस में 29 आवेदन मिले



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा ब्लॉक परिसर के सभागार में चल रहे जन शिकायत निवारण दिवस का समापन हुआ। इस क्रम में बीडीओ और सीओ ने ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की समस्या को सुना। प्रखंड से संबंधित 29 आवेदन ग्रामीणों द्वारा दी गयी। जिसमें मंईयां सम्मान योजना के 15, वृद्धा पेंशन के 6, आवास योजना के 5, रोड से संबंधित दो और पशुपालन से संबंधित एक मामला शामिल है। जिसमें ऑन द स्पॉट 20 मामलों का निपटारा किया गया। जबकि जिले में दो आवेदन को अग्रसारित किया गया। 7 आवेदन में प्रक्रिया किया जा रहा है। इसके साथ ही अंचल विभाग में जमीन संबंधित 4 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें एक का निष्पादन किया गया जबकि तीन की प्रक्रिया चल रही है। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार प्रत्येक सोमवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना जा रहा है और ऑन द स्पॉट समस्या का निराकरण किया जा रहा है। इस पहल से लोगों को काफी लाभ प्राप्त हो रहे हैं। मौके पर प्रखंड के कई कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।

# मुंशी उरांव के शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहीद वीर नायक – जीडी मुंशी उरांव के शहादत दिवस पर सीआरपीएफ 158 बटालियन लोहरदगा झारखंड के पदाधिकारी डिप्टी कमांडेंट अनिल वर्मा जवानों की टुकड़ी के साथ लूथरान मिशन हाता पहुंचे। शहीद मुंशी उरांव के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्हें श्रद्धांजलि दी। डिप्टी कमांडेंट अनिल वर्मा ने कहा कि शहीद मुंशी उरांव 46 बटालियन में थे। जब उनकी तैनाती कश्मीर मे थी उस समय 7 जून 1997 को इनकी शहादत हुई थी। बीते 7 जून को उनका शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट अनिल वर्मा ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। बताते चलें कि मुंशी उरांव की शहादत के बाद अनुकंपा में उनके भाई जय मंगल टोप्पो को सीआरपीएफ में नौकरी दी गयी है।

# आंजन पुल के पास ऑटो पलटने से आठ घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के आंजन पुल के समीप ऑटो के पलटने से ऑटो में सवार आठ लोग घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज हेतु सदस्य पता लेगी या जहां इलाज के उपरांत गंभीर रूप से घायल बिशनपुर थाना क्षेत्र के देवरा गाड़ी निवासी अमीन उरांव को रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं घटना में देवरा गानी निवासी पूनम देवी ललिता देवी सुनीता उरांव सोनामनी कुमारी बिरसमुनि कुमारी पावन्ती कुमारी और लक्ष्मी कुमारी घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक सभी लोग शादी में आंजन के काशी टोली गांव बारात आए हुए थे। शादी समाप्त होने के बाद एक टेंपो में सवार होकर सभी आंजन मंदिर पूजा पाठ करने चले गये। पूजा पाठ करने के बाद पहाड़ी से नीचे आ रहे थे तभी आंजन पुल के समीप मोड में अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया।

# हर्राटोली-करमटोली में विशेष शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र ओलमुंडा पंचायत अंतर्गत सेमरा गांव के हर्राटोली - करमटोली में सोमवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरीय पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी गुमला राजीव नीरज ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मियों के साथ दर्री में बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं से रुबरू हुए और सरकार और प्रशासन से ग्रामीण इलाकों के लोगों की अपेक्षा व अकांक्षाओं की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही जन कल्याणकारी व विकास योजनाओं की जानकारी सभी से साझा की। वहीं उन्होंने ग्रामीणों से प्रशासन और अधिकारियों से खुलकर अपनी बात रखने, नशा पान, अंधविश्वास, अपराध व अपराधियों से दुर रहने, अफवाहों



व बाल विवाह, झाड़ फुक, डायन बिसाही जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने, क्षेत्र में घटित घटना,अपराध व अपराधियों की सूचना प्रशासन को देने और क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने, अपने बच्चें - बच्चियों को बिना भेदभाव के सामान रुप से शिक्षित करने, महिला समुह के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़ने, विभिन्न सरकारी गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा युवक-युवती के लिए संचालित रोजगार प्रशिक्षण व योजनाओं से जुड़कर रोजगार के अवसर का लाभ उठाने, कृषि व पशुपालन के क्षेत्र में अग्रेसर होकर पारिवारिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाने और अपने गांव-समाज व प्रखंड की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने की अपील की।

इस मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शैलेश प्रसाद यादव, मनरेगा बीपीओ अराधना राय, मुखिया शांति लकड़ा, प्रखंड स्तरीय शिक्षा, स्वास्थ्य, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# सिसई में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती देने वाले जननायक, स्वतंत्रता सेनानी व धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का सोमवार को पुन्य तिथि मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भगवान बिरसा मुंडा के बलिदानों और समर्पण को याद किया गया। मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, बीपीओ शिक्षा सुप्रिया कुमारी, आवास समन्वयक आयता मिंज, रुपा कुमारी, शीला कुमारी, सावित्री कुमारी, अभिजीत आनंद, नारायण सिंह, अरविंद बडाईक, जॉनसन केरकेट्टा, प्रशांत कुमार, अजय उरांव, बजरंग साहु, सायरा खातुन, प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जन औषधि केंद्र की सुविधा सदर अस्पताल में शुरू



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल गुमला में चौबीस घंटे दवा जन औषधि केंद्र मरीजों के लिए शुरू कर दिया गया। इस संबंध में बज्मे रब्बानी ट्रस्ट गुमला की ओर से उपायुक्त गुमला को एक ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें मांग की गयी थी कि जनहित में सदर अस्पताल गुमला में चौबीस घंटे दवा जन औषधि केंद्र मरीजों के लिए उपलब्ध हो सके। बज्मे रब्बानी की इस मांग पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सोमवार को सदर अस्पताल गुमला में जन हित में जन औषधि केंद्र का उदघाटन किया। इस मौके पर बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के सेक्रेट्री आमिर रब्बानी और प्रवक्ता साबिर अली रब्बानी ज्वाइंट सेक्रेट्री शाहजहां रब्बानी, नायब सदर साजिद रब्बानी, एकलाख रब्बानी, सोशल मीडिया प्रभारी रागिब रब्बानी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर के चक्के से दबकर युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के अंबा टोली गांव में ट्रैक्टर के पहिए से दबकर 28 वर्षीय युवक गणेश सिंह की मौत हो गई। घटना सोमवार की अपराह्न 3 बजे की है प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक ट्रैक्टर से अपने खेतों में हल चला कर अपने घर पहुंचा। इसके बाद कटहल के पेड़ के नीचे वह ट्रैक्टर को खड़ा कर दिया। वहीं ट्रैक्टर के इंजन के पास उपकरण लेकर नट बोल्ट खोलकर कुछ काम कर रहा था हल्का ढलान होने के कारण अचानक ट्रैक्टर चलने लगा। ट्रैक्टर के बीच वाले पहिए के पास काम करते हुए युवक हाथ से ही ब्रेक लगाने का काफी प्रयास किया। लेकिन ट्रैक्टर लुढ़कने लगा। काफी प्रयास के बाद भी ब्रेक नहीं लगा इसी बीच उसके एक पैर में ट्रैक्टर का पहिया चढ़ गया और युवक वहीं जमीन पर गिर गया। जिसके बाद ट्रैक्टर उसके पूरे शरीर में चढ़ गया। जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गयी। आसपास के लोगों ने यह नजारा देखा युवक के चीखने चिल्लाने पर लोग सामने आए और किसी तरह उसे ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला।

## स्पोर्ट्स



युवा नेता मिशिर कुजूर ने कहा क्षेत्र मे नशापान विकराल रूप ले लिया है, युवाओ को खेल-कूद के माध्यम से जोड़ने का सराहनीय प्रयास है।

## अमर शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 शुरू

# उद्घाटन मैच में कसीरा की टीम ने गुमला स्पाटन स्ट्राईक को हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** नवागढ़ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित छह दिवसीय अमर शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 का शुभारंभ रविवार को शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह स्टेडियम रायडीह मे किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा के द्वारा दिप प्रज्जवलन व शहीद के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया, तत्पश्चात खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर क्रिकेट मैच का उदघाटन किया



गया। उद्घाटन मैच कसीरा क्रिकेट क्लब बनाम गुमला स्पाटन स्ट्राईकर के बीच खेला गया, टॉस जीतकर गुमला स्पाटन स्ट्राईकर की टीम क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। वही कसीरा की टीम बैटिंग करने उतरी और निर्धारित आठ ओवर मे 75 रने का स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमला स्पाटन स्ट्राईक की टीम मात्र 52 रन ही बना पायी, और मैच जीतकर कसीरा की टीम सेकेंड राउंड मे प्रवेश कर गया। मैच के पूर्व ट्रॉफी का अनावरण मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। मौके पर एसडीपीओ ललीत मीणा ने कहा नवागढ़ क्रिकेट क्लब के युवा साथी नशामुक्ति का थीम लेकय टूर्नामेंट का आयोजन किए है, और युवाओ को खेल के माध्यम से जोड़ने का काम किया। मौके पर युवा नेता मिशिर कुजूर ने कहा क्षेत्र मे नशापान विकराल रूप ले लिया है, युवाओ को खेल-कूद के माध्यम से जोड़ने का सराहनीय प्रयास है।

# पारिवारिक विवाद में महिला ने खायी जहर

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र निवासी बर्री सही जाना निवासी महिला 23 वर्षीय रिंकी ने रविवार की शाम 6 :30 बजे उर्वरक खा लिया उल्टी व हालत खराब होने के बाद परिजनों उसे रेफरल अस्पताल सिसई ले गए जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया जानकारी के मुताबिक महिला का पति अत्यधिक शराब का सेवन करता है करीब एक सप्ताह से वह शादी विवाह कार्यक्रम में कभी यहां कभी वहां घूम रहा है वह शादी कार्यक्रम में घाघरा गया था। साथ में अपनी पत्नी और बहन का मोबाइल भी ले गया था बहन और पत्नी रविवार को घाघरा पहुंचे और घर चलने को कहा लेकिन वह घर जाने के लिए तैयार नहीं हुआ और अपनी बहन का मोबाइल लौटा दिया लेकिन पत्नी का मोबाइल अपने पास रख लिया। इसके बाद नाराज पत्नी घर वापस आयी और उर्वरक खा ली। दोनों का एक बेटा व बेटी भी है। पत्नी रिंकी ने बताया वह ऐसे ठीक रहता है लेकिन शराब पीने के बाद मारपीट भी करता है जिसकी प्रताड़ना से मैं तंग आ गयी हूं।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# बेलगड़िया टाउनशिप से झरिया-धनबाद के लिए नि:शुल्क बस सेवा का शुभारंभ

## झरिया विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, खुद बस में की यात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** बेलगड़िया टाउनशिप से झरिया और धनबाद के लिए सीधी नि:शुल्क बस सेवा की सोमवार से शुरूआत हुई। इसका शुभारंभ सोमवार को पूजा-अर्चना के बाद झरिया विधायक रागिनी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इससे बेलगड़िया टउनशिप क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। इस दौरान लोगों के साथ विधायक रागिनी सिंह ने भी बस में सफर किया। बेलगड़िया टाउनशिप के लोगों ने बताया कि इस महत्वपूर्ण मार्ग पर रोडवेज बस संचालन के लिए क्षेत्रीय लोगों द्वारा झरिया विधायक से बार-बार मांग की जा रही थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए विधायक रागिनी सिंह विधानसभा सत्र के दौरान इस मुद्दे को उठाया था। वहीं, बीसीसीएल के सीएमडी से मिलकर बेलगड़िया टाउनशिप वासियों की सुविधा के लिए तत्काल इस मार्ग पर रोडवेज बस संचालन करवाने का आग्रह किया था। विधायक की पहल कारगर साबित हुई और बीसीसीएल ने तत्काल दो बस संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। जिसका शुभारंभ विधायक ने किया। इस अवसर पर विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि लोगों के लिए आने-जाने के लिए कोई सुविधा नहीं थी। इसके लिए हमने विधानसभा में भी आवाज भी उठाया था। यहां के लोगों की तकलीफों से अवगत कराया था। स्कूली बच्चें, महिलाओं को झरिया धनबाद आने जाने में होने वाली परेशानियों की जानकारी दी थी। कहा कि रात में किसी तरह की परेशानी होने पर जाने लिए कोई वाहन सुविधा नहीं थी। लोगों की सुविधा के लिए रोडवेज बसों के संचालन की आवश्यकता है. जिसे आज से शुरू किया गया है। झरिया-धनबाद आने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी और यहां के लोगों को यात्रा करना अब आसान हो जायेगा। लोगों का कहना है कि नि:शुल्क बस सेवा शुरू होने से उनका किराया भी बचेगा। वहीं, विधायक ने कहा कि उनका प्रयास क्षेत्र वासियों को बेहतर सुविधा दिलाने का रहा है। इस दिशा में वो क्षेत्र वासियों एवं श्रमिक भाइयों के लिए सुविधा दिलाने में प्रयासरत रहेंगी। इस मौके पर जेआरडीए की ओर से शेखर कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।


नि:शुल्क बस सेवा का शुभारंभ करती झरिया विधायक रागिनी सिंह।

# धनबाद समाहरणालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**कर्मचारियों की सूझबूझ से रिकॉर्ड रूम बचा, जांच शुरू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** पुराने समाहरणालय भवन में सोमवार को बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। घटना कार्यालय समय के दौरान हुई। जानकारी के मुताबिक ग्राउंड फ्लोर पर स्थित बिजली मीटर से चिंगारी निकलने लगी। मीटर से आग की लपटें उठीं और निचले तले में धुआं फैल गया। रिकॉर्ड रूम के कर्मचारियों ने सबसे पहले धुएं और चिंगारी को देखा। उन्होंने तुरंत कार्यालय में लगे फायर इक्विपमेंट से आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया गया। इससे पहले समाहरणालय प्रशासन ने दमकल विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और पूरे भवन की सुरक्षा जांच की। अधिकारियों ने मीटर बॉक्स और बिजली कनेक्शन की स्थिति का जायजा लिया। बतातें चलें कि भवन में वर्षों से पुराने और जर्जर मीटर बॉक्स का इस्तेमाल हो रहा है। कर्मचारियों ने इस बारे में कई बार शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

# भाजपा किसान मोर्चा ने मनायी भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि




**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि सोमवार को जैनामोड़ स्थित भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में मनायी गयी। जिसका नेतृत्व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने की। यहां उपस्थित सभी लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा एक सामान्य गरीब परिवार में जन्म लेकर अभाव के बीच रहने के बावजूद अपने कर्मों की वजह से भगवान बने, यह कोई सामान्य बात नहीं है। मात्र 25 वर्ष के जीवन काल में अभाव, मानसिक और शारीरिक यातनाओं के बीच भगवान बिरसा मुंडा ने समाज के लिए जीवन जीया। अपनी संस्कृति और देश के लिए अपने प्राणों का परित्याग कर दिया। अंग्रेजी हुकूमत और विदेशी धर्म के खिलाफ उलगुलान करनेवाले स्वाधीनता की लड़ाई के महानायक भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार, अनुसूचित जनजाति मोर्चा शंकर रजक, जय नारायण मरांडी, प्रखंड महामंत्री सुनील मंडल, जय नारायण मरांडी, प्रखंड महामंत्री सुनील मंडल, बैजनाथ नायक, सुमित कुमार, प्रकाश कुमार, वकील कुमार आदि उपस्थित थे।

# भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर दिलीप सिंह ने दी श्रद्धांजलि



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को उन्हें याद किया गया। धनबाद के हृदयस्थल बैंक मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप सिंह एवं अन्य सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर दिलीप सिंह ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान किया था। उलगुलान की ही ताकत थी कि अंग्रेज उनके आगे झुके और आदिवासियों की जमीन की रक्षा के लिए छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट लागू किया गया। वे आम लोगों के बीच इतने लोकप्रिय हुए कि उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया। वर्ष 2000 में झारखंड अलग राज्य बना, तो झारखंड स्थापना दिवस के लिए उनके जन्मदिवस 15 नवंबर को चुना गया। भारत सरकार उनकी याद में डाक टिकट भी जारी कर चुकी है। भगवान बिरसा के बताये मार्ग पर चलकर ही झारखण्ड का विकास संभव है। इस मौके पर निर्भय सिंह, जीलाखन सिंह, सुमित कुमार, बिल्लू सिंह सरदार, बसंत तिवारी, पिंटू मोदी, राजा तिवारी और शकील खान उपस्थित थे।

# नाले में मिला चार माह का भ्रूण

**ममता हुई शर्मसार, जांच में जुटी झरिया पुलिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**झरिया।** झरिया में मां की ममता एक बार फिर शर्मसार हो गयी। थाना क्षेत्र के शिव मंदिर रोड में सोमवार को नाले में चार महीने के नवजात शिशु का भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने भ्रूण होने की सूचना झरिया पुलिस को दी। खबर पाते ही कुछ देर बाद झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये। लोगों की मदद से भ्रूण को नाले से बाहर निकाला और कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। आशंका है कि किसी महिला की प्रीमैच्योर डिलीवरी या गर्भपात के बाद इस भ्रूण को नाले में फेंका गया है। थाना प्रभारी शशि रंजन सिंह ने कहा कि भ्रूण को यहां किसने फेंका इसका खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा। पर इतना जरूर है कि यह मामला सामने आने के बाद ममता एक बार फिर शर्मसार हुई है। पुलिस न केवल आरोपी की तलाश में जुटी है, बल्कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है, ताकि पता लगाया जा सके कि इस अमानवीय कृत्य को किसने अंजाम दिया है।

# दमकाड़ा बरवा बाउरी टोला में अपूर पाठशाला का शुभारंभ




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड बांग्ला भाषी उन्नयन समिति के तत्वावधान में प्रखंड क्षेत्र के बरवाअड्डा गांव के सामुदायिक भवन में सोमवार को जन जागरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के समिति से अपूर्व पाठशाला का उद्घाटन हुआ। समिति की कार्यकारी अध्यक्ष रीना मंडल ने कहा कि गांव की भाषा बांग्ला है। इसलिए बच्चों को बांग्ला भाषा में पढ़ाई जरूरी है। इस मौके पर भादुरानी मंडल, चाइना मंडल, मीना बाउरी, पुष्पा मंडल, अंजू बाउरी, मामूनी बाउरी, कल्पना बाउरी, कलावती बाउरी, वंदना मंडल, सुंदरा बाउरी, पवीता बाउरी, सुशीला बाउरी, सुफल बाउरी, लालू प्रसाद, अंजनी बाउरी, बिजला बाउरी, सुशीला देवी राखी और लक्ष्मी मौजूद रही।

# बिरसा मुंडा की लड़ाई एवं संघर्ष आज भी महत्वपूर्ण : हरि प्रसाद



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर सोमवार को बिहार कोलयरी कामगार यूनियन के बैंक मोड़ स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बीसीकेयू के संयुक्त महामंत्री हरि प्रसाद पप्पू ने कहा कि बिरसा मुंडा की लड़ाई, संघर्ष आज भी काफी महत्व रखता है। निश्चित रूप से भाजपा की सरकार नये रूप से सम्राजवादी शक्तियों को ला रही है। बिरसा मुंडा के बलिदान को याद करते हुए एक बार फिर इस लड़ाई को लेकर आगे बढ़ना है, तभी देश में शोषण मुक्त समाज का निर्माण हो सकता है। इस मौके पर राणा चट्टराज, भूषण महतो, नंदलाल महतो, रविंद्र सिंह, रवि शंकर सिंह, टीपू सुल्तान, गोविंद महतो, अखिलेश महतो, अशोक राम, श्याम बाबू कुमार, रविंद्र सिंह और जय भुईया आदि शामिल थे।

# श्रमिकों का विश्वास संगठन की शक्ति: अजय

**कथारा/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कथारा क्षेत्र में आरसीएमयू सबसे अधिक सदस्य वाला श्रमिक संगठन है। जो मजदूर जमात का भरोसा संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। इस भरोसे को कायम रखा जायेगा। उक्त बातें सदस्यता अभियान के दौरान आरसीएमयू के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन आरसीएमयू है। संगठन के पदाधिकारी सदस्यों के हर सुख दुख में शामिल होकर उनकी समस्याओं का निराकरण करता है। जिससे श्रमिकों का भरोसा कायम है। कोल इंडिया में श्रमिकों का भविष्य अनुप सिंह के नेतृत्व में सुरक्षित है। संगठन हमेशा श्रमिकों के सुख दुख का साथी बना रहेगा और यह विश्वास को कायम रखना संगठन के पदाधिकारी के लिए चुनौती है। श्रमिक समस्याओं की सूची को तैयार कर प्रबंधन को सौंपा जाएगा। पूरे जून माह तक सदस्यता अभियान घोषित किया गया है। इस दौरान विभिन्न संगठन को छोड़कर आये गोविंद गोप, मनोज कुमार, पिंटू कुमार, केवड़ा बाई ने संगठन की सदस्यता ली। मौके पर वेदव्यास चौबे, विजय यादव, कमल कान्त सिंह आदि मौजूद थे।

# आउटसोर्स कर्मियों का फूटा गुस्सा, काला बिल्ला लगा किया काम

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की ओर से आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए जारी नियमावली का लगातार विरोध हो रहा है। सोमवार को झारखंड राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ की ओर से निर्धारित चरणबद्ध आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए झारखंड राज्य के सभी आउटसोर्स कर्मचारी सचिवालय से लेकर प्रमंडल-जिला-प्रखंड-अंचल एवं सभी क्षेत्रीय कार्यालयों तक में काला बिल्ला लगाकर कर्मचारी कार्य करते दिखे। उनका कहना है कि इस नियमावली में पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा गया है। कर्मचारियों की मांग है कि सरकार इसमें संशोधन करते हुए 60 वर्ष तक सेवा सुरक्षा और वित्त विभाग के आलोक में संविदा कर्मियों के समान वेतन भुगतान करे।

# भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर झारखंड सरकार अवकास घोषित करे: ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह

## जिला 20-सूत्री कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** जिला 20-सूत्री के तत्वाधान में मिश्रित भवन कंबाइंड बिल्डिंग स्थित जिला 20-सूत्री कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता धनबाद जिला 20-सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने की। इस दौरान वहां मौजूद कांग्रेस-झाममू के सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने महान स्वतंत्रता सेनानी, झारखंड के जननायक भगवान बिरसा मुंडा के तैल-चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर धनबाद जिला बीस-सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा की बिरसा मुंडा जी बहुत ही कम उम्र में देश के स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े थे और देश को आजादी दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। हम सभी के लिए गर्व की बात यह है कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के ही निवासी थे। आज पूरे झारखंड में बिरसा मुंडा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान ब्रजेंद्र सिंह ने मांग की कि भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर झारखंड सरकार अवकाश घोषित करे। इस मौके पर मदन महतो, शमशेर आलम, राजू प्रमाणिक, हराधन रजवार, शकील अहमद, रामप्रीत यादव, मनोज यादव, पप्पू कुमार तिवारी आदि ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।


**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा**

**निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2025–26 में इस कार्यालय के पत्रांक 175/जि0प0 31.05.2025 PR No. 354065 दिनांक 02.06.2025 द्वारा आंशिक संशोधन किया गया था, जिसमें अपरिहार्य कारणवश पुनः निम्नवत् आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| क्र0 | ग्रुप संख्या | योजना का नाम | पूर्व में संशोधित तिथि: बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | पूर्व में संशोधित तिथि: ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | पूर्व में संशोधित तिथि: निविदा खोलने की तिथि एवं समय | वर्तमान में संशोधित तिथि: बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | वर्तमान में संशोधित तिथि: ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | वर्तमान में संशोधित तिथि: निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Construction of Zila Parishad Koderma Office Building | 05.06.2025 | 06.06.2025 से 12.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक | 14.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे | 09.06.2025 | 10.06.2025 से 21.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक | 23.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 354533 Panchayati Raj (25-26)_D



**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

**"Construction of over from bahu Bazar to patel Chowk Connecting SiramtoliMecon Fly Over at Patel Chowk and Kokar-Yogoda Satsanga Ashram Fly Over at Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi परियोजना"**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **"Construction of over from bahu Bazar to patel Chowk Connecting SiramtoliMecon Fly Over at Patel Chowk and Kokar-Yogoda Satsanga Ashram Fly Over at Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi परियोजना"** हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–सीरम, थाना–राँची, थाना संख्या–198, अंचल–शहर, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**0.9730** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा–सीरम**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | – | 36 | – | – | 0.0032 | अज्ञात | 37 | 33 | 962 | 38 |
| 2 | 57 | 35 | – | – | 0.2127 | धुचु उराँव, पिता–धुमा उराँव | 164 | 34 | 962 | 44 |
| 3 | – | 164 | – | – | 0.0620 | अज्ञात | 163 | 35 | 962 | 465 |
| 4 | – | 159 | – | – | 0.1010 | अज्ञात | 158 | 163 | 962 | 160 |
| 5 | – | 158 | – | – | 0.0632 | अज्ञात | 156 | 159 | 962 | 157 |
| 6 | – | 131 | – | – | 0.0630 | अज्ञात | 130 | 156 | 962 | 1334 |
| 7 | – | 130 | – | – | 0.0072 | अज्ञात | 129 | 131 | 270 | 128 |
| 8 | – | 165 | – | – | 0.0143 | अज्ञात | 269 | 167 | 166 | 962 |
| 9 | – | 166 | – | – | 0.0052 | अज्ञात | 269 | 1669 | 269 | 165 |
| 10 | 224 | 167 | – | – | 0.0082 | अमर कुमार तिडु पिता–स्व0 ईश्वर दत्त तिडु | 165 | 168 | 166 | 962 |
| 11 | – | 168 | – | – | 0.0368 | अज्ञात | 167 | 183 | 169 | 962 |
| 12 | – | 183 | – | – | 0.0356 | अज्ञात | 168 | 184 | 168 | 962 |
| 13 | 243 | 184 | – | – | 0.0215 | अज्ञात | 183 | 186 | 178 | 962 |
| 14 | – | 186 | – | – | 0.0519 | अज्ञात | 184 | 189 | 185 | 962 |
| 15 | – | 187 | – | – | 0.0363 | अज्ञात | 186 | 190 | 186 | 962 |
| 16 | 446 | 270 | – | – | 0.0445 | लुशी कुजूर पति–निलाफिल | 271 | 131 | 269 | 130 |
| 17 | 171 | 271 | – | – | 0.0590 | शोशिला टोपो पति–थियोफिट टोपो | 276 | 270 | 272 | 107 |
| 18 | 154 | 272 | – | – | 0.0116 | धनन्जय साहु, पिता–स्व0 भवेन्द्र साहु | 273 | 271 | 269 | 271 |
| 19 | 224 | 265 | – | – | 0.0845 | अमर कुमार तिडु पिता–स्व0 ईश्वर दत्त तिडु | 269 | 269 | 265 | 962 |
| कुल– | | | | | 0.9730 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह/o
उपायुक्त, राँची

PR 354513 Land Reforms(25-26)#D

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar
B.Sc, B.D.S
M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab
Scientific-Spark, Eurofit
Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

Mob.: 9523367777
9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG LG Panasonic PHILIPS Whirlpool vivo oppo mi realme

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ ।
शुगर / बी. पी / थाइरॉड / जोड़ो में दर्द / खुनी बवासीर / खाँसी / दम्मा / सांस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% ईलाज / लकवा साईटिका /पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालों का झड़ना सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है ।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है ।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमॉझी, रांची, झारखण्ड

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD:- FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology.
Critical Care.
Dental.
Internal Medicine.
Lab & Radiology.
Obstetrics & Gynecology
Ophthalmology
Pediatrics & Neonatology.
Urology.
General Surgery.
Orthopedics & Trauma.
Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom
KOKAR

भारत के सबसे विश्वसनीय फर्नीचर ब्रॉड Geeken लाए हैं स्टील अलमारियाँ जो चलें आपके साथ सालों साल
GeeKen Seating Collection Relaxed Body, Relaxed Mind.
हर त्योहार का नहीं उपहार
• दीमक प्रतिरोधी • मजबूत व टिकाऊ • Customize Sizes में उपलब्ध • आकर्षक डिजाइन
J.K. SALES
Hehal, Near Lakdi Tall, Piska More, Ranchi M. 9386070011, 9386070051

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th
CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th
CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

Mehta Hotel
MUTTON CHAWAL
CHICKEN TANDOORI
CHICKEN CHAWAL
PARATHA
BIRYANI
FISH CHAWAL
VEG THALI
TAWA ROTI
DRINK & BEVERAGES
Laxmi Tower, Near Maheshwari Hotel, Ranchi
9771477499

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
REGISTER NOW
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID: bubuplayschool2025@gmail.com

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor
Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth
Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रांची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
• Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
• Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784
9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें ।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। जय थावे वाली मईया ।।
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
आपका कार्य सफल होना चाहिए
वायल के द्वारा
मिलने का समय :
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बायें मंजिल रोड, रांची-834001
9431585446 | 7903633179

Dr. Anup's
HLCCS रांची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पुराना विहार Opp. माही रेस्टोरेंट, अरगोड़ा, रांची-834002

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

प्रकाशित
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
• बैटरी स्कूटी
• कम लागत
• कम खरखाव
• लाइसेंस मुक्त
• एक साल की वारंटी
• 60 किलोमीटर रेंज
BAJAJ FINANCE
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21